MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 54 | ग्वालियर, मंगलवार 5 नवम्बर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## बस मार्शलों पर गंदी राजनीति बंद करे भाजपा: सीएम आतिशी

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नौकरी से निकाले गए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों (सीडीवी) को पता है कि उनकी परेशानी की वजह भाजपा है।



**नई दिल्ली** ■ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को भाजपा नेताओं को बस मार्शलों की बहाली को लेकर गंदी राजनीति बंद करने की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नौकरी से निकाले गए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों (सीडीवी) को पता है कि उनकी परेशानी की वजह भाजपा है, न कि सत्तारूढ़ आप या उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल।

मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह अधिकारियों से उनकी सरकार के उस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहें, जिसे इस सप्ताह राजनिवास भेजा जा सकता है ताकि सभी 10 हजार सीडीवी को तुरंत नियमित किया सके। आतिशी ने गरीब परिवारों के 10 हजार से अधिक बस मार्शलों को रोजगार प्रदान करने और दिल्ली की महिलाओं तथा बच्चों के लिए बस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए उनकी तैनाती का श्रेय केजरीवाल को देते हुए कहा कि उनकी सेवा में व्यवधान "भाजपा द्वारा नियंत्रित अधिकारियों" के कारण उत्पन्न हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के अधिकारियों ने अप्रैल 2023 में बस मार्शलों का वेतन रोक दिया और उन्हें बर्खास्त करने के लिए फाइलों पर लगातार नकारात्मक नोटिंग की। आतिशी ने मीडियाकर्मियों से कहा, ?यह अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि बाधाओं के बावजूद बस मार्शलों को वेतन जारी किया गया।

उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल ने बस मार्शलों की बहाली तक उनके संघर्ष में शामिल होने का वादा किया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर यह हमला उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा शनिवार को लिखे गए एक पत्र के बाद किया है, जिसमें उन्होंने 1 नवंबर से प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीडीवी को फिर से शामिल करने का प्रस्ताव लाने में दिल्ली सरकार की असमर्थता पर नाराजगी व्यक्त की थी।

सक्सेना ने कहा कि उन्होंने शहर में प्रदूषित हवा से निपटने के उपाय के रूप में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) की शीघ्र पुनर्नियुक्ति की मांग की थी। एलजी ने कहा कि उनकी समय पर बहाली से प्रदूषण से लड़ने में मदद मिली होती और उनके कल्याण में योगदान मिला होता। सीएम आतिशी ने रविवार को भाजपा को एक ऐसी पार्टी बताया जो आंदोलनकारी बस मार्शलों को लाठियों से पिटवाती है और दिल्ली और देश भर में अनुबंध कर्मचारियों के कल्याण का विरोध करती है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में महिला की हत्या

**नई दिल्ली, भाषा।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में 25 वर्षीय एक महिला की उसके 'लिव-इन पार्टनर' ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उसे शनिवार रात 11 बजे फोन पर घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि महिला को उसके भाई गोलू ने फंदे से लटका हुआ देखा। गोलू उसके साथ ही रहता था। पुलिस के अनुसार शव का शवगृह में निरीक्षण किया गया और उस पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई, लेकिन गले पर छोटे निशान दिखाई दिए। महिला के पति की बीमारी के कारण मौत हो गई थी और पिछले चार महीने से वह ऑटोरिक्शा चालक अनार सिंह के साथ रह रही थी।

## फर्नीचर के गोदाम में आग लगने से दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली, भाषा।** पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर के एक गोदाम में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों लोग गोदाम की छत पर एक कमरे में सो रहे थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा, तड़के चार बजकर 25 मिनट पर फर्नीचर गोदाम में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घटनास्थल से दो लोगों को निकाला गया और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि आग इमारत की छत से लगी। पुलिस ने एक बयान में कहा, परिसर की गहन तलाशी ली गई और छत पर एक कमरा अंदर से बंद मिला। टीम ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि अंदर दो लोग थे। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली में छाई धुंध, वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब'

**नई दिल्ली** दिल्ली में रविवार सुबह धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 369 दर्ज किया गया, जो शनिवार को दर्ज किए गए एक्यूआई 290 से काफी अधिक है। कुछ निगरानी केंद्रों में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया जो कि 'गंभीर' श्रेणी को दिखाता है।

सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों में दिखाया गया कि 38 निगरानी केंद्रों में से आठ केंद्र आनंद विहार, वजीरपुर, रोहिणी, पंजाबी बाग, नेहरू मार्ग, मुंडका, जहांगीरपुरी और अशोक विहार में एक्यूआई 400 से अधिक रहा।

## दिल्ली सरकार सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की बहाली का निर्देश जारी करे: सचदेवा

**नई दिल्ली** ■ दिल्ली में अगले साल के आरंभ में होने वाले चुनाव से पहले सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की बहाली बड़ा मुद्दा बन गई है। राज्य में विपक्षी भाजपा और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) में से कोई भी इस मुद्दे पर सुस्त नहीं दिखना चाहती। इन सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स में से ज्यादातर दिल्ली परिवहन निगम की बसों में मार्शल के रूप में तैनात थे।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से अपील की है कि वह सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की बहाली का निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री आतिशी से हमारी एक ही मांग है कि उपराज्यपाल के आदेश का पालन करते हुए आप सभी मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की बहाली का निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि अब तक उन्हें बहाल कर दिया जाना चाहिए था। लेकिन भाई दूज भी निकल गया, दीपावाली भी निकल गई, फिर भी उन्हें काम पर वापस नहीं लाया गया। वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज शाम तक उनको लगाइए नहीं तो हम आपके घर पर आएंगे।

### फटाफट

## आप सरकार दिल्ली के लिए अभिशाप है : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली,** । दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा है कि अब लोग उनके झूठे वादों में फंसने वाले नहीं हैं। विजेंद्र गुप्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आम आदमी पार्टी की राजनीति केवल झूठे और खोखले वादों पर टिकी है।

चुनावी मंच से किए गए उनके वादे महज वोट बटोरने का एक साधन बन गए हैं, जिनका जमीन पर कोई असर नहीं दिखता। हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देंगे। पंजाब के चुनाव से पहले केजरीवाल ने महिलाओं को एक हजार रुपये देने का ऐसा ही वादा किया था जो सिर्फ वोट बटोरने का हथकंडा था, चुनाव जीतने के बाद एक रुपया भी पंजाब की महिलाओं को नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने महिलाओं को 1,100 रुपये देने की बात कही। लेकिन चुनाव के बाद एक रुपया नहीं मिला, महिलाएं सिर्फ उनके दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा, दिल्ली की जनता अब गुमराह होने वाली नहीं है। दिल्ली की जनता अब आम आदमी पार्टी के झूठे वादों में फंसने वाली नहीं है।

## दो बहनों ने पूर्व डीएसपी पर किया हमला

**नई दिल्ली,** । वसुंधरा एन्क्लेव स्थित अनेकांत अपार्टमेंट के अंदर शुक्रवार रात को बिना वजह कार का हॉर्न बजाने का विरोध करने पर दो सगी बहनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीएसपी पर हमला कर दिया। दोनों ने उन पर मिट्टी के दीये व गमले से हमला कर चोटिल कर दिया। वारदात के बाद दोनों बहनों ने खुद को अपने फ्लेट में बंद कर लिया।

घायल हालत में पुलिस ने बुजुर्ग व कैंसर से पीड़ित अशोक शर्मा को एलबीएस में भर्ती करवाया। देर रात उन्हें छुट्टी मिली। शनिवार देर शाम को उन्हीं दोनों बहनों ने अपने फ्लेट के बाहर खड़ी बुजुर्ग की पत्नी शांति शर्मा, दो बेटियों रीना शर्मा व प्रतिभा पर हमला कर दिया। तीनों के हाथों पर काटा और जमकर पीटा। चाकू से हत्या करने का प्रयास किया।

मारपीट कर फिर से आरोपित युवतियों ने खुद को फ्लेट में कैद कर लिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार साढ़े छह बजे सोसायटी में मारपीट व हंगामे की सूचना मिलते ही न्यू अशोक नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने फ्लेट नंबर एक को घेरा हुआ था। मौके पर पीड़ित अशोक शर्मा मिले। जिन्होंने बताया कि भव्य जैन व छवि जैन नाम की दो बहनों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की है।

## आम आदमी पार्टी के नेता झूठ बोलने की बीमारी से ग्रस्त : प्रवीण खंडेलवाल



**नई दिल्ली** ■ चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आतिशी को झूठ बोलने की बीमारी लग गई है।

पूरी दिल्ली जानती है कि स्थायी कर्मचारियों को पक्का कौन कर रहा है। चाहे वह बस मार्शल का मामला हो या सरकारी और अन्य कर्मचारियों का, स्थायी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह काम है कि स्थायी कर्मचारियों को बाहर न किया जाए और यह उनके नियंत्रण में है। दिल्ली सरकार अपनी नाकामी का ठीकरा भारतीय जनता पार्टी पर फोड़ना चाहती है। अगर हमारी सरकार दिल्ली में बनेगी, तो हम सबसे पहले अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी बनाएंगे।

उन्होंने जल बोर्ड के नियंत्रण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के नियंत्रण में पानी के बढ़े हुए बिल किसने भेजे? उनका यह कहना कि भारतीय जनता पार्टी ने बिजली और पानी के बिल बढ़ा दिए, यह और कोई झूठ नहीं हो सकता। आम आदमी पार्टी के नेता झूठ बोलने की एक बीमारी से ग्रस्त हैं और उन्होंने झूठ की एक श्रृंखला बना दी है।

खंडेलवाल ने कहा कि पानी के बढ़े हुए बिलों की जिम्मेदारी आम आदमी पार्टी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली की जनता के प्रति केजरीवाल और उनकी पार्टी का कोई सरोकार नहीं है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

## दिल्ली के वकीलों की हड़ताल आज

**नई दिल्ली, भाषा।** दिल्ली के सभी बार एसोसिएशन की एक समिति ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अदालत कक्ष में वकीलों पर हुए कथित हमले के खिलाफ सोमवार को हड़ताल करने की घोषणा की है।

दरअसल, 29 अक्टूबर को गाजियाबाद के एक अदालत कक्ष में वकीलों और लाठीधारी पुलिसकर्मियों के बीच उस समय झड़प हो गई थी।

## जामिया मिलिया इस्लामिया सिखाएगा योग



**नई दिल्ली** ■ जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने योग से जुड़े पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। योग प्रोग्राम के तहत जामिया विश्वविद्यालय में छात्रों को योग संबंधित कोर्स कराए जाएंगे। योग से जुड़ा जामिया का यह एक सर्टिफिकेट कोर्स है। रविवार को बाकायदा विश्वविद्यालय ने योग स्टडीज कार्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की।

जामिया मिलिया इस्लामिया ने रविवार को बीएड (डिस्टेंस मोड), एमटेक. और सर्टिफिकेट इन योग स्टडीज कार्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की। व्यवस्था का मूल्यांकन करने के लिए कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ, कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने विश्वविद्यालय के जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सैयद आबिद हुसैन सीनियर स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा किया।

कुलपति और रजिस्ट्रार ने प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों से बातचीत भी की और उनके प्रश्नों का समाधान भी किया।

## कार सवार की दबंगई, पुलिसकर्मियों को बोनट पर 100 मीटर तक घसीटा

**नई दिल्ली,** । दिल्ली की सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक कार ने रेड सिग्नल तोड़ते हुए दो ट्रेफिक पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं, कार सवार ने पुलिसकर्मियों को बोनट पर लटकाते हुए 100 मीटर तक घसीटते ले गए। जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे दक्षिणी दिल्ली के बेर सराय की है। पुलिस सहायक उप-निरीक्षक प्रमोद और हेड कांस्टेबल शैलेश चौहान के मुताबिक वे बेर सराय बाजार के पास व्यस्त इलाके से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे कि अचानक, उन्होंने एक कार को लाल बत्ती पार करते देखा। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया तो वह धीमी हो गई और फिर अचानक तेज हो गई। जैसे ही कार आगे बढ़ी, वाहन के सामने खड़े पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। ड्राइवर के न रुकने पर वे बोनट पर लटक गए। आखिरकार कार को लगभग 100 मीटर के बाद रोक दिया गया। पुलिस ने सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलने पर एसआई हरि राम और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाया कि दो ट्रेफिक पुलिसकर्मी घायल हैं।

## वायु प्रदूषण रोकने के लिए 54,000 चालान, 56 कंस्ट्रक्शन साइट बंद



**नई दिल्ली** ■ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सर्टिफिकेट नहीं रखने वाले लगभग 54,000 वाहनों का चालान किया गया है। वहीं, करीब 3,900 से अधिक ऐसे वाहनों को जब्त किया गया है, जिनकी समय सीमा पूरी हो चुकी है। इसके अलावा 56 कंस्ट्रक्शन साइटों को बंद करा दिया गया है। सारी कार्रवाई दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से की गई है।

अब दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए इन प्रयासों को और तेज किया जाएगा। दरअसल, पूरे एनसीआर में 15 अक्टूबर से ग्रेप का पहला चरण और 22 अक्टूबर से ग्रेप का दूसरा चरण लागू है। 15 से 31 अक्टूबर तक की अवधि के दौरान, क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई निवारक उपाय शुरू किए गए। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त करने के अलावा प्रदूषण रोकने के लिए अन्य कई कार्रवाइयां की जा रही हैं।

निगरानी के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक ग्रेप निगरानी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह निगरानी नियंत्रण कक्ष पूरे सप्ताह चालू रहता है।

ग्रेप के अनुसार, वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों द्वारा सीएंडडी साइटों का निरीक्षण तेज कर दिया गया है। ऐसे निरीक्षणों के आधार पर, नियमों का पालन नहीं करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पूरे एनसीआर में 7,000 से अधिक सीएंडडी साइटों का निरीक्षण किया गया और 597 गैर-अनुपालन साइटों पर पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाया गया है। वहीं, 56 साइटों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय का कहना है कि सड़कों की धूल को नियंत्रित करने के लिए मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन, वाटर स्प्रिंकलर और एंटी स्मॉग गन तैनात की गई हैं। धूल प्रदूषण को उसके स्रोत से ही नियंत्रित करने के लिए, पूरे एनसीआर में रोड स्वीपिंग मशीन, वॉटर स्प्रिंकलर और एएसजी की संख्या बढ़ा दी गई है। अगर दिल्ली की बात की जाए तो अकेले दिल्ली में प्रतिदिन औसतन 81 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन तैनात की गई हैं, जबकि हरियाणा और यूपी में, सड़कों पर धूल प्रदूषण रोकने के लिए प्रतिदिन 36 एमआरएसएम तैनात हैं।

### समाचार-आसपास

## शाहदरा में एक युवक की गोली मारकर हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

**नई दिल्ली, भाषा।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में मामूली विवाद के बाद 19 साल के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन किशोरों को पकड़ा गया है। यह घटना शनिवार की है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''गांधी नगर पुलिस थाने में गोलीबारी की सूचना देने वाली एक 'पीसीआर कॉल' प्राप्त हुई। विभिन्न टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पीड़ित की पहचान सुफियान के रूप में हुई और उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।'' पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि सुफियान और आरोपी के बीच टोपी को लेकर बहस हुई थी। अधिकारी ने कहा कि विवाद के दौरान सुफियान ने कथित तौर पर दो आरोपियों को थप्पड़ मारा, जिन्होंने बाद में उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस ने दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से एक तमंचा और एक स्कूटर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस एक अन्य संदिग्ध और एक आरोपी की मां की भी तलाश कर रही है जिसने कथित तौर पर हथियार उपलब्ध कराने में सहायता की थी।

## यमुना शुद्धिकरण के लिए भिक्षाटन महायज्ञ शुरू

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** यमुना संसद की तरफ से यमुना नदी के शुद्धिकरण के लिए भाई दूज के मौके पर रविवार को भिक्षाटन महायज्ञ की शुरुआत की गई। यह जन जागरण अभियान अगले साल भाई दूज तक चलेगा। यमुना संसद के संयोजक व यमुना भिक्षु रविशंकर तिवारी दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे ब्रज क्षेत्र के घर-घर यमुना की पीड़ा लेकर पहुंचेंगे। वह लोगों को तन, मन, धन से यमुना जी की पीड़ा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। रविवार सुबह दिल्ली के आईटीओ, छठ घाट पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से किए गए यज्ञ और शंखनाद से भिक्षाटन अभियान शुरू हुआ। यमुना जी के तट पर कार्यक्रम में मौजूद बहनों ने अपने भाइयों से यमुना जी की शुद्धिकरण की इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने का संकल्पम लिया।

## कालकाजी में छठ पूजा के लिए बनाए गए कृत्रिम घाट

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** देश की राजधानी दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के गिरी नगर इलाके में पिछले 25 वर्षों से छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। यहां हजारों श्रद्धालु, खासकर बिहार और पूर्वांचल से आने वाले लोग इस पर्व को मनाने के लिए जुटते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह अपने गांव नहीं जा पाते, इसलिए दिल्ली में कृत्रिम छठ घाट बनाकर पूजा करते हैं। यमुना नदी में प्रदूषण इतना है कि वहां खड़ा होना तो दूर, उसके किनारे 10 मिनट से ज्यादा ठहरना भी संभव नहीं है। इसलिए लोग अपने इलाके में कृत्रिम घाट बनाकर पूजा करते हैं, यहीं व्रती सूर्य को अर्घ्य देती हैं। कालकाजी से ही आतिशी विधायक हैं, जिनके हाथों में अब दिल्ली की कमान भी है। यही वजह है कि यहां रहने वाले लोगों ने सीएम आतिशी से गुहार लगाई है।



## जामपुरा में रामलीला कलामंडल द्वारा रामलीला का 1 नवम्बर से हो रहा आयोजन

पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । जिले के ग्राम पंचायत जामपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श श्री राम लीला कलामंडल का शुभारंभ हुआ । ग्राम पंचायत जामपुरा में 1962 में स्वर्गीय बब्बू सिंह भदौरिया ने पहली बार श्री रामलीला शुभारंभ करवाया था,तब से प्रतिवर्ष ग्राम पंचायत जामपुरा में राम लीला का आयोजन होता आ रहा है। श्री राम लीला का शुभारंभ 1 नवंबर 2024 से हुआ है जो 11 नवंबर 2024 को समापन होगी। इसमें भगवान श्री राम भगवान की सभी लीलाओं की प्रस्तुति दिखाई जाएगी । श्री राम लीला में ग्राम जामपुरा के ही युवक इस श्री राम लीला में अलग अलग सभी प्रकार के किरदार निभाते है। ग्राम पंचायत जामपुरा में श्री राम लीला में कई प्रकार के संवाद प्रस्तुत किए गए,जो इस प्रकार है,पुष्प वाटिका में सीता सखी संवाद,रावण-बाणासुर संवाद,जनक विलाप,लक्ष्मण जनक संवाद,श्री राम द्वारा धनुष तोड़ना, सीता स्वयंवर और अंत में भगवान परशु राम और लक्ष्मण संवाद की कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दिखाई गई। श्री राम लीला देखने के लिए आस पास के ग्रामीणों ओर शहरों से हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर श्री राम जी की लीला का भरपूर आंनद ले रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा



गोरमी- गल्ला मंडी के सामने स्थित शती माता मंदिर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्राचीन धुरकोट से शुरू हुई और थाना रोड़, कचनाव रॉड व तिवारी मोहल्ला यादव मोहल्ले से होते हुए वापस शती मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पीयूष जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।

## श्री चैतन्या टेक्नो स्कूल ई-सिटी के छात्र चौथे विश्व रिकॉर्ड के विजय शिखर की ओर



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** इलेक्ट्रॉनिक सीटी लक्ष्मीनारायण पुरा में स्थित श्री चैतन्या टेक्नो स्कूल सदा ही अपनी सफलताओं और कामयाबी के लिए जाना जाता रहा है। पिछले तीन विश्व रिकॉर्ड में अपना परचम लहराने के बाद अब चौथे विश्व रिकॉर्ड की ओर अपने कदम बढ़ा चुके हैं। अपनी सभी शाखाओं में अग्रणी रहने वाले श्री चैतन्या टेक्नो स्कूल ई-सिटी के छात्र 6 नवंबर 2024 को एक नया 600 से अधिक गणितीय सूत्र के विश्व रिकार्ड बनाने की ओर उन्मुख हैं। इसके लिए अध्यापिकाएं छात्रों का पूरे जोर-शोर से मार्गदर्शन कर रही हैं। अध्यापिकाओं के दृष्टिकोण से यह सूत्र छात्रों की गणितीय क्षमताओं को विकसित करने में सहायक है। यह कार्यक्रम एक शैक्षणिक पहल है जो हमारे मस्तिष्क ज्ञान का विश्वकोशीय ज्ञान के साथ संबंध स्थापित करता है। यह बच्चों में आत्मविश्वास एवं बुड़द्धिमत्ता के साथ अपनी कला और कौशल को निर्देशित करता है। यह गणितीय सूत्र विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के नव प्रयास के साथ स्कूल का लक्ष्य 600 से अधिक गणितीय सूत्रों की चुनौती को पार कर अड़द्वितीय सफलता पाने की है।

यह कठिन चुनौती छात्रों की बुद्धि समर्पण अनुशासन को ध्यान में रखते हुए अकादमिक निर्देशक श्रीमती सीमा बोपन्ना, अकादमिक प्रमुख श्रीमती पुष्पवल्ली, ए.जी.एम. श्रीमान श्रीनिवास नायडू मेरूगु और प्रधानाचार्य श्रीमती शिल्पा दत्ता ने अपनी हार्दिक शुभकामनाओं के साथ छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है।

# एक दीपक शहीद के नाम के कार्यक्रम को भूतपूर्व सैनिकों एवं समाजसेवियों ने किया आयोजित

पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । एक दीपक शहीद के नाम कार्यक्रम के तहत पूरे चंबल अंचल में भूतपूर्व सैनिकों समाज सेवियों ने वीर शहीदों की समाधियों पर दीपक प्रज्वलित कर उन्हें याद कर नमन किया मुरैना में सैनिक कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर भिंड शहीद स्मारक पर सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह जी अध्यक्ष, जयदीप फौजी सरकार,गोहद में अमर शहीद विशंभर दयाल महार रेजिमेंट की समाधि,पीपरी में अमर शहीद सुल्तान सिंह नरवरिया वीर चक्र,मसूरी में 1971 भारत पाक युद्ध के वीर योद्धा अमर शहीद रणवीर सिंह भदौरिया,ऐंतहार में अमर शहीद अरबिंद शर्मा की समाधि पर दीप प्रज्वलित कर याद किया समाज सेवियों ने कहा जिस देश में शहीदों देश भक्तो का सम्मान नहीं होता है जिस देश का प्रशासन सरकार देशभक्त शहीदों को याद करना बंद कर देते है उस देश की उम्र ज्यादा लंबी नहीं होती है आज हम दीपावली अगर चैन से मना पा रहे है तो उसके पीछे हमारे वीर शहीदों का त्याग और बलिदान है इस अवसर पर समाज सेवी सुनील फौजी भूतपूर्व सैनिक, महेश करारिया भूतपूर्व सैनिक,सूबेदार अनन्त राम प्रजापति, हिरेंद्र प्रताप सिंह पुर,पुखराज भटेले, अशोक सिंह भदौरिया फौजी, वीरेंद्र वर्मा,धर्मेंद्र सिंह मौजूद थे।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक हुई संपन्न.

# दीपावली मिलन समारोह में एक दूसरे को दी बधाई एवं शुभकामनाएं.

अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट
पुष्पांजलि टुडे ललितपुर



ललितपुर- वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता एवं प्रताप नारायण दीक्षित की मुख्य अतिथ्य में कचहरी स्थित हनुमान जी मंदिर पर संपन्न हुई.बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयो ने दीपावली के अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी.दीपावली मिलन समारोह के पश्चात बैठक में विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर गहनता से चर्चा हुई जिसमें उपस्थित पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार रखें.बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए- मुख्यमंत्री जी से मांग की गई की वरिष्ठ नागरिकों मे से नगर पालिका में 1 सुयोग्य व्यक्ति को मेंबर के रूप में नियुक्त किया जाए.नगर पालिका अध्यक्ष से अनुरोध किया जाए की पांच नाम में एक मेंबर के रूप में नॉमिनेट कर स्वीकृत भेजा जाए वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिनिधित्व.70 वर्ष से ऊपर के लिए भारत सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का आभार इसके लिए सभी वरिष्ठ नागरिकों ने सरकार को धन्यवाद दिया.वरिष्ठ नागरिकों को नगर पालिका अध्यक्ष के माध्यम से पुरानी नगर पालिका का हाल बैठक आदि हेतु प्रदान किया जाए, इसके लिए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति जिलाधिकारी को भी एक पत्र/ज्ञापन देगी.कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार रखें.बैठक का संचालन महामंत्री प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया.

# दबोह में दो पक्षो में हुआ विवाद,मामला दर्ज

दबोह-कस्बा दबोह के चौक मोहल्ला में बीती रात दो पक्षो में विवाद हुआ।जिसमे दोनों पक्षो ने थाना दबोह में मामला दर्ज कराया है।फरियादी बलबहादुर कौरव पिता सिरोमन कौरव उम्र 49 साल निवासी बार्ड क्र 01 दबोह ने मय अपने लडके विकाश कौरव के साथ थाना आकर जुवानी रिपोर्ट की दिनांक 03.10.24 के समय करीब रात 09 बजे की बात है मैं अपने घर के बाहर आया तो मेरे घर के सामने रोड पर सचिन कौरव,कमलेश कौरव, हाकिम कौरव पत्ते खेल रहे थे जब मैने कहा कि यहां पत्ते क्यों खेल रहे हो इसी बात पर से तीनों लोग मुझे मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे जब मैने गाली देने से मना किया सोई हाकिम के पास मे पडा डंण्डा उठाकर मारा जो मेरे सिर में उपर लगा चोट होकर खून निकल आया,दूसरा डण्डा कमलेश ने मारा जो मेरे गर्दन के पीछे लगा मूंदी चोट आई, फिर एक डण्डा सचिन ने मारा जो मेरे बायें हाथ मे लगा मूंदी चोट आई तब मै चिल्लाया तो मुझे बचाने मेरा लडका विकाश और मेरी पनि अनीतादेवी आई और बीच बचाव कराया तो उनको भी तीनों लोगो ने लात घूंसो से मारपीट की है।रविन्द्र कौरव निवासी ररूआ, अनीष खान निवासी दबोह ने घटना देखी है और बीच बचाव कराया है वहीं फरियादी ने बताया कि जाते जाते तीनों लोग बोल रहे थे कि अगर थाने पर रिपोर्ट करने गये तो जान से खत्म कर देंगे।फिलहाल दबोह थाना पुलिस ने ड़रियादि की शिकायत पर आरोपी पर धारा 296, 115 (2), 351(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी सचिन कौरव पिता बीरेन्द्र सिंह कौरव उम्र 22 साल निवासी बार्ड नं. 01 दबोह मय अपने चाचा मनोज कौरव के साथ थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट की आज दिनांक 03.11.24 के रात करीबन 08 बजे की बात है मै खाना खाकर दुकान पर सौदा लेने जा रहा था तभी चुंगी माता मंदिर बार्ड 01 दबोह के पास पहुंचा तो मंदिर के चबूतरा पर विकाश कौरव और बलबादुर कौरव बैठे थे जो मुझे देखकर पुरानी रंजिश के ऊपर से मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे मैने दोनों को गाली देने से मना किया सोई बलबहादुर कौरव अपने हाथ में एक बांस की लाठी जिसमें लोहे का नुकीला पोला (बल्लम) लेकर आया और मुझे मारी जो मेरे पेट मे कमर के ऊपर बायीं तरफ लगी चोट होकर खून निकल आया मुझे बचाने मेरे चाचा मनोज कौरव आये तभी वहां खड़े विकाश ने एक डंण्डा चाचा मनोज को मारा जो उनके दाहिने हाथ के कौधा मे लगा चोट होकर सूजन आई है तभी गोलू कौरव भी आ गया और फिर गोलू ने मेरी डण्डे से मारपीट की जिससे मेरे बाये गाल में चोट होकर खून निकल आया एवं दोनो पैर मे, दाहिने हाथ के अगूठे में मूंदी बोटें आई है।घटना सीटू तिवारी,करन परिहार ने देखी और बीच बचाव कराया।फरियादी ने बताया कि जाते जाते तीनों लोग बोल रहे थे आज तो इन लोगों ने बचा लिया आईन्दा यहां दिखा तो तुमको जान से मार देंगे।फिलहाल तो पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2),118(1),351(3),3(5)के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# टीका लगाना, सफलता का प्रतीक होता है - अवधेश बहन





दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर

मालनपुर, ब्रह्माकुमारीज गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर के कैंपस में भाई दूज का कार्यक्रम मनाया गया द्य जिसमें ब्रह्माकुमारीज मध्य प्रदेश की निर्देशिका आदरणीया राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश बहन जी भोपाल से पधारी द्य उन्होंने सभी भाई बहनों को आत्मिक स्मृति में टिकने का आग्रह किया द्य बहने भाई के माथे पर जो तिलक करती हैं द्य वह वास्तव में स्वयं के स्वमान में टिकने का ही प्रतीक है और यह भी वह कहती है मेरा भाई हर क्षेत्र में सफलता को प्राप्त करें और भाई बहन को सुरक्षा का वचन देता है द्य वास्तव में हर पल की सुरक्षा तो परमात्मा ही कर सकता है द्य इसका मतलब हमें अपनी आत्मिक स्मृति में टिक कर परमात्मा का ध्यान सदा रखना है द्य कार्यक्रम में मालनपुर ब्रह्माकुमारीज की संचालिका ज्योति बहन ने प्रतिज्ञा कराई द्य हम अपने दृष्टि वृत्ति को पवित्र बनाएंगे, हर एक का सम्मान करेंगे, कभी किसी के प्रति बदले का भाव नहीं रखेंगे द्य पोरसा संचालिका रेखा बहन ने परमात्मा का ध्यान करा कर सभी का मन एकाग्र कराया द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे डॉक्टर केशव पांडे पी आर ओ एवं कई संस्थाओं के सहवागी ने कहा - हमें अपनी सोच को सकारात्मक बनाना है द्य अपने जीवन को सकारात्मक बनाना है तभी हम अन्य व्यक्ति के दिल में अपना स्थान बना सकते हैं द्य जिसके लिए आध्यात्मिकता का होना अति आवश्यक है द्य अतिथि रूप में पहुंचे डॉ सौरव मिश्रा जी मल्टीस्पेशलिस्ट मिश्रा हॉस्पिटल डायरेक्टर - उन्होंने भी अपनी शुभकामनाएं दी द्य इसी कड़ी में डॉ विवेक एवं अरविंद द्द्द्- द्वठ्ठद्ब, यदुवंश रिटायर कमांडेंट बीएसएफ ने भी अपनी शुभकामनाएं दी द्य कार्यक्रम में सतनाम, राम, विवेक, महेश, नितेश, प्रसाद, कंचन, पूजा, सृष्टि, गंगा, सृष्टि, विमल, सुमन, जया, प्रीति, एवं नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

# जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक संपन्न

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में 04 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर बारिया, डीएफओ एवं जनपद पंचायत के सीईओ उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने तितरान्या रेंज में टाइगर के मूवमेंट दिखाई देने पर ट्रेप कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

### खरगोन पुलिस ने दुकान मे चोरी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

# मामले मे कुल 03 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार दुकान मे चोरी करने वाले 02 आरोपी व चोरी का माल खरीदने वाले व्यक्ति को भी किया गिरफ्तार

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का मशरुका कीमती लगभग 25,000/- को किया जप्त**

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना चैनपुर की पुलिस टीम ने दुकान से चोरी करने वाले आरोपियों गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:**दिनांक फरियादी निवासी झिरनिया ने थाना चैनपुर पर सूचना दी कि, उसकी किराना दुकान पर चोरी हो गई है और करीब 25,000/- रुपये कीमत का बी एस पटेल बीडी के पैकेट विमल गुटका एवं कमला पसंद गुटका के पाउच तथा राजश्री गुटका के पाउच चोरी हो गए है । सूचना प्राप्त होने पर पुलिस थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 383/24 धारा 303(02) एवं 417(2) भारतीय न्याय सहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । उक्त चोरी की घटना



को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक नाथूसिंह रंधा के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिरड़ूतारी हेतु निर्देशित किया गया । गठित टीम द्वारा मुखबिरों को सक्रिय कर चोरी की घटना के संबंध मे जानकारी जुटाई गयी । विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, उक्त चोरी को फरियादी की दुकान मे ही काम करने वाले नफीस एवं उसका रिश्तेदार अतीक ने अंजाम दिया है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने फरियादी की दुकान मे काम करने वाले नफीस एवं अतीक घेराबंदी कर को तत्काल गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम के द्वारा दोनों से पृथक पृथक मनोवैज्ञानिक तरीके से चोरी के संबंध मे पुछताछ की गई, जिसमे उन्होंने उक्त चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया व चोरी के माल के संबंध मे पूछने पर उन्होंने उक्त चोरी का माल ग्राम सपाटिया के रहने वाले परशराम राठौर को बेचना बताया । पुलिस टीम के द्वारा तत्काल प्राप्त जानकारी के आधार पर परशराम राठौर को भी घेराबंदी कर पकड़ा व चोरी किए मशरुके को विधिवत जप्त किया गया ।

## बाईक रैली के माध्यम से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का हुआ शुभांरभ

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर श्री सुजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवा सप्ताह न्यायोत्सव मनाया जा रहा है। इसके लिए विधिक सेवा जागरूकता बाइक रैली को विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मोहम्मद मूसा खान द्वारा प्रथम जिला न्यायाधीश श्री बीडी राठौड, द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री मनोहर सिंह गवली, थाना प्रभारी श्री दीपक यादव की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता बाइक रैली में आगे पुलिस के जवान, जेल प्रहरी फॉरेस्ट के जवान, न्यायालय के कर्मचारी, पैरालीगल वालेन्टियर (अधिकार मित्र) लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स (न्याय रक्षक), पैनल अधिवक्ता, इको वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य, व्यापारी, पत्रकार सहित आमजन हेलमेट लगाकर शामिल हुए।विधिक सेवा जागरूकता बाइक रैली कोर्ट परिसर से प्रारंभ होकर कसरावद फाटा, एमजी रोड, घण्टाघर चौक वाचनालय, स्कूल मैदान, नर्मदा एप्रोच रोड से बस स्टैंड होती वापस जिला न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में फारेस्ट के डिप्टी रेंजर श्री बसन्त पाटील, रणजीत सिंह सोलंकी, विपिन पाठक, नारायण अवास्या, राहुल मुकाती, ईको वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव पाटीदार, जेल प्रहरी संदीप सिंह परिहार, अनुराग सिंह तोमर, अक्षय पात्र सेवा समिति के अध्यक्ष सन्तोष मोयदे, नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष चैतन्य पटवारी, व्यापारी संघ अध्यक्ष भरत राठौड, बीडी चौहान, राजेश पवार, न्याय रक्षक रूपेश शर्मा, सुश्री निशा कैशल, अधिकार मित्र

## बैद्यनाथ आयुर्वेदिक कंपनी के द्वारा मुक्तिधाम के रचनाकार समाजसेवी डॉक्टर अनिल गुप्ता को झांसी में किया गया सम्मानित,,,,,,



पोरसा। हिंदुस्तान की जानी-मानी आयुर्वेद की बैद्यनाथ कंपनी के द्वारा झांसी में अपने बैद्यनाथ परिसर में समाजसेवी तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मुक्तिधाम के रचनाकार डॉ अनिल गुप्ता का झांसी में सम्मान किया तथा उपस्थित मंत्रियों ने भी सम्मान कियासा के समाजसेवी डॉ अनिल गुप्ता का झाँसी में वैध्यनाथ के संचालक सांसद अनुराग शर्मा और राज्य मंत्री श्री गोविंद कुशवाह यू पी सरकार ने किया सम्मान पोरसा सत्यम,शिवम्,सुन्दरम की थीम पर वना जो वर्ल्ड्स बुक रिकॉर्ड में दर्ज मुक्तिधाम के चरण सेवक डॉ अनिल गुप्ता को वैद्यनाथ आयुवेद की **विशाल कंपनीय ने सम्मान के लिय पत्र भेजा :** डॉ अनिल गुप्ता अपने मित्र और पत्नी के साथ झाँसी में होटल में विश्राम कराया उसके बाद आधुनिक तरीक़ा से औषधियों निर्माण स्थल को दिखाया और बुंदेलखंड विश्व विद्यालय रिसर्च सेंटर में वैज्ञानिक ने शोध किए जाने **बाले आधुनिक मशीन से अवगत कराया :**शाम की वेला में सम्मान समारोह कार्य क्रम में भगवान श्री धन्वतरि की विद्वान पंडित जी पूजा करने के बाद डॉ अनिल गुप्ता मंच पर बुलाया उतर प्रदेश सरकार के श्री गोविंद कुशवाह राज्य मंत्री और वेधनाथ के मालिक श्री अनुराग शर्मा जो झाँसी ललितपुर के सांसद और उच्च अधिकारी आयुवेद ज्ञान वान चिकित्सक के समक्ष डॉ अनिल गुप्ता श्री फल और शाल एवं नाना प्रकार के उपहार और सम्मान पत्र से नवाजा बहुमूल्य ओषधियों से परिचय कराया

फिर मंच पर बोलने के निवेदन किया अपने पोरसा मुक्तिधाम के विशेषता बतलाई और मुक्तिधाम परिसर अनेक तरह की औषधिओ लगी जो जान मानस के उपयोग में आ रही हें ,,,पोरसा मुक्तिधाम की रचना मैं जन सहयोग से मुक्तिधाम को औषधि उपवन तथा मुक्तिधाम को पर्यटक स्थल की ओर ले जाने के प्रयासों के बारे में विस्तार से उपस्थित जन समुदाय को बताया कहां की मृत्यु के देवता महाकाल कहलाते हैं मुक्तिधाम पोरसा में एक महाकाल लोग का निर्माण कार्य चालू है जो सन 2025 में पूर्ण रूपेण बन चूकेगा इसमें 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने को मिलेंगे इसके बारे में सभी को अवगत कराया गया,,,,,

**मदहोश कार चालक का स्टंट...शहर में दौड़ रही थी मौत बनकर कार जिसे देख मच गई भगदड़**

# महिया पुलिस द्वारा नशे में मदहोश शराबी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर वाहन किया जप्त






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (जिला प्रमुख रीवा)**

रीवा।सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज में उस समय भगदड़ का माहौल व्याप्त हो गया। जब सड़क पर लहराती हुई तेज रफ्तार कार लोगों के सामने आ गई। कर को देखकर ओवरब्रिज से लोग भागने लगे नशे में मदहोश कार का चालक रॉन्ग साइड से कार ले जाकर डिवाइडर से टकरा गया। इसके बाद भी कर के एक्सीलेटर की स्पीड कम नहीं हुई। कार के अंदर मदहोश हालत में चालक था और एक्सीलेटर दबा हुआ था।गनीमत रही कि कार रेलिंग की तरफ मुड़ गई अन्यथा बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। बताया गया है कि पुराने बस स्टैंड की ओर से इंडिगो कार लहराती हुई ओवरब्रिज की तरफ चढ़ी जिसे देखकर लोग भागने लगे और कार को रास्ता दिया तभी तेज रफ्तार कार फ्लाईओवर के ऊपर बड़ी दीवार में जा टकराई इस दौरान दो बाइक सवार बार-बार बच गए फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद अमहिया पुलिस मौके पर पहुंची है। जहां से मदहोश हालत में कार के चालक को ले जाया गया है वही क्षतिग्रस्त हो चुकी कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**पुलिस के द्वारा प्राप्त जानकारी:**सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के ऊपर एक इंडिगो टाटा कार का चालक कालेज चौराहा तरफ से काफी तेजगति से आते हुये दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया जो कार रोकते रोकते सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के ऊपर बाउंड्री में ठोकर मार दिया जिस पर उक्त कार को रोककर कार के चालक से उसका नाम पता पूछा गया जो अपना नाम प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी पिता दिनेश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी जोरौट थाना मनगंवा जिला रीवा का होना बताया कार चालक के मुह से शराब जैसी दुर्गंध आने पर बीथ एल्कोवाईजर से के द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाया जाना पाये जाने पर एवं मौके से वाहन के वैध कागजात पेश नही करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाह फिरोज अंसारी निवासी डाक्टर कालोनी के पास रीवा थाना अमहिया जिला रीवा के 4 नवंबर के 14.30 बजे इंडिगो टाटा कार को चालक प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी के कब्जे से जप्त किया जाकर कब्जे पुलिस लिया गया। जप्तशुदा उपरोक्त कार को सूरक्षार्थ थाना परिसर में खडी कराया जाकर कार की चाभी एचसीएम के सुपुर्द की गई। उक्त कार चालक प्रकाश उर्फ अखिलेश तिवारी पिता दिनेश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी जोरौट थाना मनगंवा जिला रीवा के व्दारा शराब पीकर वाहन चलाने तथा मौके पर वाहन का कागजात ना प्रस्तुत करने का कृत्य मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185,130 (3)/177 के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल प्र.आर. 873 मकरध्वज तिवारी आर.577 पीयूष मिश्रा आर. 204 विकास तिवारी आर. 520 विक्रम वर्मा,आर 232 मनोज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खुद को गोली मार तीन लोगों को फंसाने की साजिश का पुलिस ने किया पर्दाफाश, पिस्टल की तलास में लगी पुलिस

**बिछिया थाने के जवाहर नगर में दीपावली की रात पटाखों के शोर के बीच चली थी गोली,**



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (जिला प्रमुख रीवा)**

रीवा। दिवाली की रात हुए गोलीकांड का सच अब सामने आ गया है। पुलिस ने घटना के हर पहलू की जांच की और सच सामने ला दिया। बिछिया थाने के जवाहरनगर में दिवाली की रात अनुल सिंह को गोली लगी थी, जिस पर उसने सूचना दी थी कि चार पहिया वाहन से आए तीन लोगों ने तमंचे से फायर किया है। गोली उसके पेट के आर-पार हो गई। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो शुरुआती जांच में कई संदिग्ध तथ्य सामने आए।पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। वारदात स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो आरोपी कहीं नहीं मिले। साइबर से लोकेशन ट्रैक करने पर भी उनकी कोई हरकत नहीं मिली। घटना के वक्त सभी आरोपी अलग-अलग जगहों पर थे। जांच में पुलिस को पता चला कि जमीन के विवाद को लेकर तीनों लोगों को फंसाने के लिए युवक ने यह साजिश रची थी।आरोपी अपने मामा की जमीन बिकने से नाराज था। उसने जमीन खरीद रहे लोगों को फंसाने के लिए साजिश रची थी। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक ने खुद ही गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया था। जांच के दौरान पूरे मामले की सच्चाई सामने आ गई। बताया जा रहा है कि पुलिस अभी तक इस घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद नहीं कर पाई है। अस्पताल में भर्ती युवक से भी पिस्टल के बारे में पूछताछ की गई लेकिन वह संतोषजनक जानकारी नहीं दे रहा है।पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक ने खुद को गोली मारी या किसी और की मदद से यह साजिश रची। सूत्रों की मानें तो अनुल सिंह छतरपुर का रहने वाला है और वहां का शातिर अपराधी है। छतरपुर में भी उसके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अमहिया पुलिस ने चोरी हुई ऑटो को महज दो घंटे में किया बरामद




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (जिला प्रमुख रीवा)**

रीवा। थाना प्रभारी अमहिया की सक्रियता से चोरी गई ऑटो को महज 2 घंटे के भीतर खोजकर फारियादी को सुपुर्द कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दे कि सिरमौर चौराहे से ऑटो चोरी की घटना की जानकारी अमहिया थाना के जाबाज थाना प्रभारी को मिली, जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने अपनी पुलिस टीम के द्वारा तत्काल ऑटो की खोज बीन शुरू कर दी गई, और 2 घंटे के भीतर शिवा अग्रवाल ने पूरे रीवा में उस ऑटो को खोज डाला और ऑटो को नरेंद्र नगर में पाया। और फरियादी को सुपुर्द कर दिया। ऑटो चालक ने ऑटो को पाकर खुशी जाहिर की ऑटो चालक ने बताया कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरी ऑटो चोरी हो जाने **के बाद चंद घंटों के भीतर हमें मिल जाएगी।क्या है पूरा मामला.:** फ़रियादी संदीप गौतम पिता उमेश गौतम उम्र 28 वर्ष निवासी भिटवा थाना चोरहटा जिला रीवा द्वारा 4 नवंबर को थाना उपस्थित आकर सूचना दिया की मेरी ऑटो सिरमौर चौराहा से चोरी हो गई है सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल द्वारा शहर में चीता मोबाइल और फिक्स पॉइंट ऐक्टिव कर मुखबिर सक्रिय किए गए एवं चोरी गई ऑटो की पता तलाश की गई जो मुखबिर सूचना से नरेंद्र नगर से बरामद हुई है जिसे फरियादी को सुपुर्द किया गया7

# जुए में लग गया जिंदगी का दाव,, बंद कमरे के अंदर फांसी के फंदे में लटकता मिला युवक का शव

**अमहिया थाना क्षेत्र में हुई घटना 2 दिन पहले आखरी बार देखा गया था युवक**



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी (जिला प्रमुख रीवा)**

रीवा। जिले के अमहिया इलाके में सोमवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दो दिन तक घर का गेट नहीं खुलने पर लोगों को शक हुआ। वह गेट पर लटका मिला। पुलिस के साथ स्न्नस्रुटीम ने मौके का निरीक्षण किया।मनिकवार निवासी सुशील गुप्ता फांसी पर लटका मिला। वह रीवा के वार्ड 23 में अपनी मां के साथ किराए के मकान में रहता था। मृतक के चचेरे भाई ने बताया है कि उसकी मां दो दिन पहले चित्रकूट गई थी। उसने अपनी मां को चित्रकूट जाने वाली बस में बैठा दिया था।सोमवार की सुबह जब लोगों को शक हुआ और घर का दरवाजा खोला गया तो युवक फंदे पर लटका हुआ था।परिजनों का कहना है कि युवक ऑनलाइन सट्टे में काफी नुकसान उठा चुका है। कर्ज में डूबे होने के कारण वह परेशान था। संभवत~ इसी वजह से उसने आत्महत्या का यह कदम उठाया।

# उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की बहुती माइक्रो इरिगेशन से 30 दिनों में किसानों को पानी दें - उप मुख्यमंत्री



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी बाधाओं के कारण बहुती माइक्रो इरिगेशन से सिंचाई शुरू नहीं हो पा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी बहुती नहर निर्माण के छूटे हुए भाग में तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराएं। निर्माण कार्य के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लगभग 10 स्थानों में अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा डालने के कारण 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है। सभी निर्माण कार्य 30 दिन में पूरा करके बहुती माइक्रो इरिगेशन से किसानों को सिंचाई के लिए पानी दें। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना से सीधी, मऊगंज और रीवा जिले के ब?ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। इसके लिए शासन द्वारा चार हजार करो? रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसका मुख्य बांध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा। इससे उद्वहन द्वारा पानी मऊगंज और हनुमना में पहुंचाया जाएगा। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति तथा अन्य सभी अनुसंशाओं के लिए तत्काल आवेदन कर दें। मुख्य वन संरक्षक परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए विभागीय मापदण्डों के अनुसार शीघ्र स्वीकृतियाँ जारी कराएं। उप मुख्यमंत्री ने नईग?ी सूक्ष्म दाब सिंचाई परियोजना की नहरों का निर्माण भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में विकास को गति देने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं, जिससे 2025 में रीवा रेलवे लाइन से सीधी जिले से जु? जाए। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग ने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि बहुती सिंचाई परियोजना में 21 किलोमीटर नहर तथा छुहिया घाटी में 3.1 किलोमीटर की टनल का निर्माण पूरा हो गया है। मैहर, सीधी और रीवा जिले के कुल 11 स्थानों में नहर निर्माण के लिए अर्जित भूमि पर निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इन कठिनाईयों को दूर करके 30 दिन में निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में जिला गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि जल संसाधन विभाग 15 अक्टूबर तक नहरों में सिंचाई के लिए पानी छो? दे तो गेंहू और चने की फसल की समय पर बुवाई हो जाएगी। इससे उत्पादन बढेगा तथा किसान को गर्मी में तीसरी फसल के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए किसानों को भी जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग में बिछिया रिवर फंट (परिक्रमा पथ) का किया लोकार्पण





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि देश में संस्कृति के विरासत के पुनस्थापना का दौर चल रहा है। इस कार्य में रीवा भी पीछे नहीं है। रीवा में अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक विरासतों को सहेजने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मणबाग में बिछिया रिवर फ्रंट (परिक्रमा पथ) के बन जाने से लक्ष्मणबाग धाम में विराजमान चारोधाम के देवताओं का श्रद्धालु परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त कर सकेंगे। श्री शुक्ल ने एक करो? 57 लाख रुपए की लागत से बिछिया रिवर फ्रंट (परिक्रमा पथ) व लक्ष्मणबाग परिसर में पुनरूद्धार कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणबाग धाम में चारोधाम के देवताओं के मंदिर हैं। विन्ध्यवासी चारोधाम की यात्रा करने के बाद जब यहाँ आकर दर्शन करते हैं तभी उनकी चारोधाम की यात्रा पूर्ण मानी जाती है। यह हमारी संस्कृति का मनोरम स्थल है जो हरीतिमा से आच्छादित है। यहाँ उत्तरगामी बिछिया नदी प्रवाहमान है। साथ ही यह हजारों गायों की भी शरणस्थली है। इसके साथ ही यहाँ संस्कृत विश्वविद्यालय की भी स्थापना कराई गई है। अब यह परिसर एक गुरूकुल का परिपूर्ण परिसर हो गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में नदी, तालाबों व छोटे सरोवरों के जीर्णोद्धार का कार्य कराकर इन्हें सुरम्य बनाया गया है। श्री शुक्ल ने कहा कि नैकहाई की वीरता का इतिहास भी आने वाली पीढ्ञी को बताने की आवश्यकता है। एसटीपी का निर्माण हो जाने से बिछिया व बीहर नदी का जल पूर्णत~ स्वच्छ हो जाएगा। श्री शुक्ल ने रीवा में सहेजे व संवारे गए सभी कार्यों का लोगों से जिम्मेदारी पूर्वक संरक्षित रखने का आह्वान किया।इससे पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाला व्यंकटेश शास्त्री ने कहा कि स्वर्गीय भैयालाल जी शुक्ल ने लक्ष्मणबाग संस्थान के पुनरूद्धार का बी?ा उठाया था। उसे उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल पूरा कर रहे हैं। लक्ष्मणबाग की भूमि ऐतिहासिक व धार्मिक है और इसका प्रभुत्व है। इस अवसर पर डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि यह पवित्रता का शुभ स्थान है। ॠषियों-मुनियों की यह तपोस्थली रही है। परिक्रमा पथ के बन जाने से श्रद्धालु चारोधाम के देवताओं की परिक्रमा कर सकेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मणबाग संस्थान डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि लक्ष्मणबाग में संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए सात कमरों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। यहाँ 110 छात्र अध्ययनरत हैं तथा कुल 140 छात्रों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। 50 छात्रों के लिए भोजन एवं आवास की व्यवस्था छात्रावास में की गई है। इस परिसर में प्राचीन गुरू एवं शिष्य की परंपरा पल्लवित हो रही है।प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि एक करो? 57 लाख रुपए की लागत से मंदिर के तीन तरफ 400 मीटर का पाथवे बनाया गया है। पाथवे के किनारे रिक्त भूमि में ग्रीनरी की व्यवस्था की गई तथा बैठने के लिए कुर्सियाँ भी लगाई गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को दी गई है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, अध्यक्ष लक्ष्मणबाग गौशाला घनश्याम ताम्रकार सहित सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड हिमांशु वर्मा, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# जिले में फिर हुई दरिंगदगी, रीवा बंद के दौरान मऊगंज में 4 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, रिश्ता हुआ कलंकित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**शिवम तिवारी ( जिला प्रमुख रीवा)**

रीवा। जिले के गुढ्ञ में हुए गैंगरेप कि घटना के बाद एक बार फिर मासूम से दरिंदगी की वारदात हुई है बीते कल सभी कांग्रेसी रीवा को बंद करा रहे थे और उधर मऊगंज में माशूम बच्ची हवस का शिकार हो गई है।, वहीं रीवा से अलग हुए मऊगंज जिले में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना ने एक बार फिर पूरे एमपी को शर्मसार कर दिया है।मऊगंज में हुई वारदातदरअसल रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना मऊगंज जिले से सामने आई है जहां एक 62 वर्षीय नाना पर 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी जघन्य वारदात को अंजाम देने का आरोप है। इस जघन्य कृत्य को अंजाम देने के बाद नाना फरार हो गया लेकिन मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी का पीछा कर उसे चंद घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया है।संजय गांधी में भर्तीवहीं बच्ची को गंभीर अवस्था मे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना एक दिन पहले शनिवार शाम को मऊगंज में घटित हुई है । बताया गया कि पड़ोस में रहने वाले 62 वर्षीय नाना ने 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।उसने उसे बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बंद कर लिया



और फिर उसके सारे कपड़े उतार दिए। घटना के दौरान जब परिजनों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो वे कमरे में पहुंचे जहां उन्होंने बच्ची को रोते हुए पाया और फिर वे बच्ची को लेकर सीधे थाने पहुंचे. मौका मिलते ही आरोपी रिश्ते का नाना भाग निकला और कुछ घंटे बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।सरकारी कर्मचारी रह चुका है आरोपीजानकारी के मुताबिक आरोपी एक सरकारी बैंक में कर्मचारी था जो 2 साल पहले ही अपनी सेवा अवधि पूरी कर रिटायर हुआ था. वह रीवा के साथ ही मऊगंज इलाके में भी रहता था. बताया गया कि आरोपी ने पहले 4 साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने कमरे में बंद कर लिया और उसके साथ गलत काम किया. इस पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को घेरकर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने फिलहाल आरोपी के खिलाफ धारा क्ल्हरु और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. बच्ची का इलाज अभी भी संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है. यह घटना मऊगंज थाना क्षेत्र की है. जहां चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया. पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है।

# जनशिकायतों का गंभीरतापूर्ण निस्तारण करायें अधिकारी : डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पाली तहसील में डीएम, एसपी ने सुनी जनशिकायतें**

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**
**पुष्पांजलि टुडे**

ललितपुर। आज सोमवार को तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और मौके पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से निस्तारण भी कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार गरीबों व असहायों को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है, इसलिए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने फरियादियों की शिकातयों को सुनकर उनका निस्तारण कराया। इस दौरान उन्होंने एक एक फरियादी को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्रत्येक दशा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, उन्होंने इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनशिकातयतों के निस्तारण में कसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।









**आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न शिकायतें प्राप्त हुई–** तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 20, पुलिस के 06, चकबंदी के 04, विद्युत विभाग के 04 तथा विकास विभाग के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 13, पुलिस के 07, पूर्ति का 01, विद्युत का 01, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 का मौके पर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट निस्तारण कराया गया।

तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, विकास के 02, पुलिस के 06, पूर्ति का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 32, पुलिस विभाग के 07, पूर्ति के 08, विद्युत के 02, चकबंदी के 13, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य 05 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 09 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी पाली सानिया एजाज सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जनपद में गौ आधारित मल्टीलेयर फार्मिंग को दें बढ़ावा: मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 गोसेवा आयोग

**मा0 अध्यक्ष ने दयोदय गौशाला पहुंचकर किया गौपूजन, व्यवस्थाओं का लिया जायजा अधिकारियों के साथ बैठक कर गौशाला प्रबंधन हेतु की समीक्षा**







**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**
**पुष्पांजलि टुडे**

ललितपुर। आज सोमवार को श्याम बिहारी गुप्ता, मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 गोसेवा आयोग, लखनऊ ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत दयोदय गौशाला का निरीक्षण किया व अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं व गौवंश प्रबंधन की समीक्षा की।मा0 अध्यक्ष ने दयोदय गौशाला पहुंचकर सर्वप्रथम विधिविधान के साथ गौपूजन किया व गोतामा को गुण खिलाया। मौके पर उपस्थित गौशाला प्रभारी से जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि गौशाला में 890 गौवंश संरक्षित हैं, गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, पानी आदि उपलब्ध है, समय-समय पर पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाता है। मा0 अध्यक्ष ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई।इसके उपरान्त मा0 अध्यक्ष ने कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। यहां पर जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने उनका बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात मा0 अध्यक्ष ने सभी उपस्थित अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 29 गौशालायें संचालित हैं, जिनमें कुल 32991 गौवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत जनपद में कुल 10007 गौवंश सुपुर्द किये गए हैं।

मा0 अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरे चारे का प्रबंध किया जाए, इसके लिए नैपियर घास उगायी जाये, जनपद में मूंग की खेती पर्याप्त मात्रा में होती है, इसका भूसा भी प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में गौमूल एकत्र करने हेतु पक्का कैटिल शेड, वायोगैस प्लाण्ट, प्राकृतिक खेती केन्द्र की स्थापना करायी जाये, साथ ही कम से कम 100 किसानों को जीवामृत बनाने व मल्टीलेयर फार्मिंग हेतु अन्य किसानों का प्रशिक्षण दिलाने के लिए ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि 900 से बड़ाकर 1500 कर दी है, इसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक गौवंश दिये जायें। यदि आने वाली पीढ़ियों के लिए खेतीयोग्य भूमि बचानी है तो प्रत्येक घर में एक गाय होनी चाहिए। मा0 अध्यक्ष ने कहा कि किसान यदि खेत पर ही रहकर खेती करेंगे तो उनके खेत की उत्पादकता और फसल की गुणवत्ता में वृद्धि होती है, इसलिए आवास योजनाओं में खेत पर रहने वाले किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमें रसायनों के प्रयोग को कम करके खेतों में गौ आधारित मल्टी लेयर फार्मिंग को बड़ावा देना होगा, इसके लिए प्रत्येक गौशाला में पक्का कैटिल शेड बनाकर गौमूत्र एकत्र करना होगा और जीवामृत बनाकर खेतों में छिड़काव करना होगा। साथ ही कैटिल वेस्ट को वायोगैस प्लाण्ट में प्रयोग करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने मा0 अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह, पर्यटन चित्र व पर्यटन कैलेण्डर भेंट किया। बैठक में मा0 राज्यमंत्री प्रतिनिधि श्री चन्द्रशेखर पंथ, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, उप निदेषक कृषि वसन्त कुमार दुबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 देवेन्द्र पाल सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी व कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर आज शिक्षा विभाग में करेंगे जनसुनवाई

**डाइट परिसर भिण्ड में 11 बजे आयोजित होगी जनसुनवाई**

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने जिले में नवाचार करते हुए राज्य शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई में शिक्षा विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण और आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इस उद्देश्य से कल 05 नवम्बर 2024 मंगलवार की जनसुनवाई डाइट परिसर भिण्ड में आयोजित की है।जनसुनवाई प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी। इस जनसुनवाई में शिक्षा विभाग से संबंधित एवं अन्य विभागों से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इसी के साथ जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर कार्यालय भिण्ड में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।

# झाँसी मंडल ने टिकट चेकिंग में माह अक्टूबर में 29831 केस दर्ज कर लगभग 1.63 करोड़ रू. का वसूला जुर्माना

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर । यात्रियों को बेहतर सेवा देने के लिए संकल्पित झाँसी रेल मंडल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप रेल राजस्व में भी वृद्धि हो रही हैं। मंडल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा के नेतृत्व में चल रही टिकट चेकिंग के कार्य में वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम द्वारा अक्टूबर माह- 2024 में रु.1.63 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।

झाँसी रेल मंडल मे अनियमित यात्री, बिना टिकट यात्री,बिना बुक्ड लगेज, धुम्रपान तथा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों को न सिर्फ रोकने का प्रयास किया जा रहा है,बल्कि विभिन्न आय स्त्रोतों से अधिक से अधिक आय अर्जन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हउल्लेखनीय है,की वाणिज्य विभाग की टिकट चेकिंग टीम ने अक्टूबर 2024 में बिना टिकट,अनियमित टिकट, बिना बुक्ड लगेज, धुम्रपान तथा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना स्वरूप रु. 1.63 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि भविष्य में भी मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं आरक्षित/अनारक्षित यात्री गाड़ियों में नियमित रूप से सघन टिकट जाँच कराई जायेगी ताकि बिना टिकट/ अनाधिकृत यात्रियों की यात्रा पर अंकुश लगाया जा सके । सभी यात्रियों से अनुरोध किया जाता है की वैध टिकट लेकर ही यात्रा करे।

## ट्रैक्टर में मारी टक्कर 12 वर्षीय किशोर घायल



**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

पाली। रविवार की विगत सुबह छह बजे के करीब एक ट्रैक्टर ग्राम रमपुरा से पनया नरसिंह मन्दिर जा रहा रहा कि डुंगरिया मार्ग के पास एक खाद से लदी एक तेज गति पिकअप बाहन ने बगल से निकलते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी । जिससे रमपुरा निवासी एक 12 वर्षीय बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया । जिसे उपचार के लिए झांसी ले जाया गया । वहीं टक्कर मारने के बाद पिकअप में सवार लोग खाद की बोरियां खाली करने में जुट गए ताकि इसकी किसी को भनक न लगे कि इसमें खाद है हालांकि वह कुछ ही बोरियां उतारने में सफल हुए । खाद से लदी पिकअप पाली निवासी एक व्यापारी की बताई जा रही है जो खाद लेकर मध्यप्रदेश की सीमा से लगे बालाबेहट की ओर जा रही थी । मामले की जानकारी लगते ही पुलिस अपनी कार्यवाही में जुट गयी है ।

## सड़क हादसे में घायल एलएलबी की छात्रा की मौत, झांसी रेफर के दौरान मौत



**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**
**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

. ललितपुर थाना तालबेहट के ग्राम भदोना निवासी विधि दुबे पुत्री राजेंद्र दुबे पहलवान गुरुदीन कॉलेज में एलएलबी की छात्रा अपने काम से कॉलेज गई थी वहीं पर कॉलेज से वापसी अपने घर जा रही थी किसी अज्ञात वाहन द्वारा ललितपुर झांसी हाईवे स्थित रोडा के पास टक्कर मार दी गई दर्दनाक स्थिति को देखते हुए राहगीरों द्वारा उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए झांसी रेफर किया और वहीं पर झांसी रेफर के दौरान हुई मौत सूत्रों के अनुसार छात्रा के मोबाइल पर बात करते समय हुआ हादसा ललितपुर कोतवाली अंतर्गत एनएच 44 रोडा के पास की घटना छात्र के घर पर मातम सा झा गया और उनके परिवार के लोगों का रो-रो कर हुआ बहुत बुरा हाल

# फर्नीचर कम्पनी के संचालक से अवैध वसूली की मांग करने वाले के विरुद्ध थाना देहात पुलिस की बडी कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**वसूली देने से मना करने पर कर दिये थे फायर**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के गुण्डा,बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में फर्नीचर कम्पनी के संचालक से कम्पनी चलाने के एवज मे फिरौती की मांग व फायरिंग करने वाले आरोपी को थाना देहात भिण्ड पुलिस द्वारा दबोच लिया गया है।दिनांक 03/11/24 को फर्नीचर कम्पनी के संचालक द्वारा एक आवेदन





प्रस्तुत किया।जिसमें लेख किया कि एक व्यक्ति जो पाण्डरी गांव का रहने वाला है और समीर नगर भिण्ड में रहता है दिनांक 03.11.24 को सुबह करीब 4 बजे की बात है मैं अपनी कम्पनी में लेबर चेक करने आया था। तभी कम्पनी के गेट के बाहर एक नीले रंग की कार आकर रूकी और उसमें से वह व्यक्ति उतर कर गेट पर मेरे पास आया और बोला कि अगर तुम्हें फैक्ट्री चलानी है तो मुझे वसूली देनी होगी और फैक्ट्री चलाने के एवज में जबरन अवैध वसूली कर पैसे मांगने लगा जब मैंने उसे पैसे देने को मना किया तो उसने गाडी से बन्दूक (रायफल) निकालकर मेरे ऊपर फायर कर दिया जो गोली मेरे उपर से निकल गयी। उक्त मामले को पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड द्वारा गम्भीरता से लिया गया और आरोपी के विरूद्ध थाना देहात भिण्ड पर अपराध क्रमांक 628/24 धारा 110, 308(2), 351(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना देहात भिण्ड पुलिस द्वारा आरोपी को चन्द घण्टों में ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना उमरी व देहात पर पूर्व में कई अपराध पंजीबद्ध है।उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मुकेश शाक्य,उपनिरीक्षक अजय यादव,विजय शिहवरे,प्रमोद तोमर,नागेश शर्मा,प्रधान आरक्षक हरवीर सिंह,धीरेन्द्र भदौरिया, आरक्षक राहुल शुक्ला आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हत्या के प्रयास में गोली मारने वाले दो आरोपी देहात पुलिस की गिरफ्त में





**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के मार्गदर्शन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के गुण्डा, बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में दिनांक 02/11/24 को ग्राम वीरमपुरा धरई में रहने वालो दो पक्षों में विवाद हो गया था जिसमें एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को जान से मारने की नियत से गोली मार दी गयी। जिस पर से थाना देहात पर 6 आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 619/24 धारा 109, 115(2), 296, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त घटना को लेकर घटना में शामिल सभी आरोपीगणों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। घटना में शामिल दो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया जाकर जेल भेजा दिया गया।उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक मुकेश कुमार,उपनिरीक्षक विजय शिवहरे,प्रधान आरक्षक सोनेन्द्र सिंह,आरक्षक बृजनन्दन, मुकेश यादव,प्रदीप यादव,अतुल पाण्डेय, देवेन्द्र शर्मा,दीपक जादौन,धर्मेन्द्र यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गुड समेरिटन पुरुस्कार से नवाजे जायेंगे घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले शख्स : आलोक तिवारी

**स्टेशन पर वाहन चालकों को समझाये नियम, किया जागरूक**



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने रेलवे स्टेशन पर वाहन चालकों/परिचालकों एवं आम जनमानस को गोल्डन ऑवर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सड? दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उचित समय पर इलाज मिलने की समय सीमा को गोल्डन ऑवर कहते हैं। यह समय दुर्घटना के बाद का पहला घंटा होता है। इस दौरान अगर घायल व्यक्ति को तुरंत और ज़रूरी इलाज मिलता है, तो उसके बचने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस कोई पूछ-ताछ नही करेगी और साथ ही अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को गुड समैरिटन और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त पूरे शहर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया और बार- बार नियमों की अनदेखी करने वाले 173 वाहनों का चालान करते हुए 04 वाहनों को सीज किया गया।

# पलक तिवारी

## संग डेटिंग की खबरों के बीच इब्राहिम ने रवीना टंडन की बेटी को लगाया गले, फैन्स बोले: जोड़ी अच्छी है





बॉलीवुड और दिवाली पार्टी का कनेक्शन बहुत पुराना है. त्योहार शुरू होने से पहले ही पार्टी शुरू हो जाती है, जो दिवाली तक चलती रहती हैं. इस वक्त बॉलीवुड सितारों से ज्यादा उनके बच्चे इन सेलिब्रेशंस को लेकर लाइमलाइट में रहते हैं. हाल ही में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान दिवाली पार्टी में दिखाई दिए. पार्टी खत्म होने के बाद वो रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी को गाड़ी तक छोड़ने आते हैं, जहां गले लगाकर उन्हें बाय कहते दिख रहे हैं. इसी बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.दरअसल लंबे वक्त से इब्राहिम अली खान का टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक से नाम जुड़ रहा है. दोनों अक्सर साथ में स्पॉट किए जा चुके हैं और कैमरा देखते ही छिपने लगते हैं. हालांकि, नया वीडियो वायरल होने के बाद फैन्स इब्राहिम और राशा की जोड़ी को बेस्ट बता रहे हैं.

**इब्राहिम ने राशा को लगाया गले, फैन्स ने बना दी जोड़ी**

इधर किसी एक्टर का वीडियो वायरल नहीं होता, दूसरी ओर फैन्स जोड़ी बना देते हैं. यूं तो इब्राहिम और पलक की तरफ से रूमर्ड रिलेशनशिप पर कभी कोई रिएक्शन नहीं दिया गया. लेकिन पलक तिवारी कई बार इब्राहिम की जैकेट पहने या फिर एक ही गाड़ी में फिल्में देखने पहुंचते रहते हैं. यह सिलसिला लंबे वक्त से चल रहा है. खैर, राशा थडानी के साथ उनका जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें वो पैपराजी को बार-बार बोलती दिख रही हैं कि प्लीज मत लीजिए अब फोटो.

दोनों के वीडियोज पर भर-भरकर रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं. एक यूजर लिखता है कि- यह दोनों साथ में अच्छे लग रहे हैं. वहीं दूसरा यूजर सवाल करता है- तो फिर पलक तिवारी को लेकर क्या ख्याल है ? हालांकि, दोनों सिर्फ अच्छे दोस्त भी हो सकते हैं, लेकिन फैन्स इनकी जोड़ी बना रहे हैं. उधर, पलक तिवारी इस पार्टी में नहीं दिखी थीं.अमृता सिंह और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान 'दिलेर' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं. वहीं पलक तिवारी पहले ही सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से एक्टिंग में कदम रख चुकी हैं. बात राशा थडानी की करें तो वो 19 साल की हैं. वहीं जल्द वो अजय देवगन के भांजे के साथ फिल्म करने जा रही हैं. खूबसूरती के मामले में अक्सर सुर्खियां बटोरती रहती हैं.

## पहले से ज्यादा डरावनी है कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3, माधुरी दीक्षित हैं छोटा पैकेट बड़ा धमाका



17 साल पहले भूल भुलैया ने बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी का ट्रेंड फिर एक बार शुरू कर दिया था. वैसे तो ये अक्षय कुमार की फिल्म थी, लेकिन विद्या बालन के किरदार मंजुलिका ने सभी का दिल जीत लिया था. फिर 15 साल बाद भूल भुलैया 2 आई, लेकिन भूल भुलैया से ओजी (ओरिजिनल) मंजुलिका ही गायब हो गई थी. कार्तिक की इस फिल्म ने लोगों का खूब मनोरंजन किया, लेकिन कहीं न कहीं हमारी नजरें विद्या बालन वाली मंजुलिका देखने के लिए तरस रही थीं और मानों टी-सीरीज के भूषण कुमार ने हमारे दिल की बात सुन ली और वो विद्या बालन के साथ माधुरी दीक्षित को भी लेकर आ गए.यही वजह है कि सुबह 7 बजे का पहला शो ढूंढकर मैंने ये फिल्म फर्स्ट डे फर्स्ट शो देख डाली. भूल भुलैया और भूल भुलैया 2 से भूल भुलैया 3 ज्यादा डरावनी है, माधुरी दीक्षित की एंट्री के बाद फिल्म और मजेदार हो जाती है. आखिर तक ये फिल्म दर्शकों बांधे रखती है. चलिए अब इस फिल्म के बारे में विस्तार से बात करते हैं.

**कहानी**

रोहन रंधावा को एक करोड़ रुपये का लालच देकर मीरा उसे अपने गांव लेकर आती हैं. गांव आकर रोहन को पता चलता है कि खुद को राजकुमारी कहने वाली मीरा असल में उसे एक करोड़ रुपये तो क्या 10 हजार रुपये भी नहीं दे सकती और इसे यहां एक मकसद से लाया गया है. ये मकसद है मंजुलिका को खत्म करना क्योंकि अब तक मंजुलिका को भैरव कवच से रोका गया है. लेकिन उसे अब मारना है. अब सवाल ये है कि असली मंजुलिका है कौन ? विद्या बालन, माधुरी दीक्षित या फिर कोई और ? अब ये जानने के लिए आपको थिएटर जाकर कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 देखनी होगी.

**कैसी है ये फिल्म ?**

भूल भुलैया की खास बात है ये कि इस फिल्म के आखिर में हमें भूत से नफरत नहीं बल्कि प्यार हो जाता है. हम उसकी भावनाओं से भी कनेक्ट कर पाते हैं. भले ही पूरी फिल्म में मंजुलिका हमें खूब डराती है, लेकिन हम उसे विलन नहीं कह सकते. भूल भुलैया 3 की मंजुलिका की कहानी भी एक स्ट्रॉन्ग मैसेज के साथ हाई नोट पर खत्म हो जाती है. यानी मनोरंजन के साथ अनीस बज्मी ने इस फ़िल्म में फिर एक बार एक अहम मुद्दे को हाईलाइट किया है.

## टाइम गॉड बनते ही विवियन डीसेना के सामने बड़ी चुनौती, जेल के लिए किसका लेंगे नाम?



बिग बॉस 18 मजेदार पड़ाव पर चल रहा है. सलमान खान के शो में कुछ ग्रुप्स तो बन ही चुके हैं, जो दर्शकों को साफ-साफ नजर आ रहे हैं. कुछ लोग दोस्ती की चलते शो में आगे बढ़ने की कोशिश करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं करण वीर मेहरा और विवियन डीसेना की दोस्ती में भी फूट पड़ चुकी है. बिग बॉस के दिए गए टास्क के बाद दोनों की दोस्ती में दरार आनी तो तय मानी जा रही है. हालांकि घरवालों ने विवियन डीसेना को नया टाइम गॉड चुना है.बिग बॉस के मेकर्स ने एक नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें विवियन डीसेना को बतौर टाइम गॉड होने के नाते जेल में डालने के लिए दो नाम पूछे जाते हैं. बिग बॉस का आदेश सुनते ही

# सलमान खान

## का परिवार चट्टान है... सोहेल खान की एक्स वाइफ ने की खान परिवार की तारीफ



सलमान खान और उनकी फैमिली हमेशा से ही दूसरों की मुश्किलों में खड़े नजर आती हैं, इस बात का जिक्र अक्सर ही बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग करते रहते हैं. हाल ही में इस बारे में खान परिवार की एक्स बहु और सोहेल खान की एक्स पत्नी सीमा सजदेह ने भी बात की. इस दौरान उन्होंने कुछ वक्त पहले हुए एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता की डेथ को याद किया. सीमा ने इस मुश्किल की घड़ी में खान परिवार के मलाइका के साथ रहने की सराहना की है.,छ वक्त पहले मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल मेहता ने अपनी बिल्डिंग से कूद कर जान दे दी. जिसके बाद एक्ट्रेस के घर पर स्टार्स इकट्ठा हो गए. इनमें खान परिवार के सदस्य भी शामिल थे. इस बात का जिक्र करते हुए सीमा ने खान परिवार के बारे में बात करते हुए कहा, वे चट्टान जैसे हैं, जब भी कोई परेशानी हो या आपको कोई जरूरत हो तो वो सभी आपके साथ खड़े रहते हैं. ये क्वालिटी ही उन सभी को परिवार के तौर पर स्पेशल बनाती है.





**सबसे पहले पहुंचे थे अरबाज**

मलाइका के घर उनकी मुश्किल के वक्त में सीमा भी मौजूद थीं. बता दें कि इस मौके पर एक्ट्रेस के घर सबसे पहले उनके एक्स हसबैंड अरबाज खान पहुंचे थे, जिसके लिए लोगों ने उनकी खूब तारीफ की थी. खान परिवार में से अरबाज खान के अलावा उनकी पत्नी शूरा खान, सोहेल खान, सलीम खान, सलमा खान, हेलेन, अर्पिता खान, अलवीरा अग्निहोत्री मौजूद थे. सलमान खान भी इस मौके पर पीछे नहीं हटे थे.

**दोनों कपल ने ले लिया तलाक**

मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान ने साल 1997 में शादी के बंधन में बंधे थे, लेकिन 2017 में दोनों ने तलाक ले लिया, दोनों का एक बेटा अरहान है. इन



## कतकारियों ने किया तुलसी माता का पूजन

रीतेश अवस्थी

**पुष्पांजली टुडे** दमोह। नगर के धरमपुरा वार्ड 39 चंदन तलैया मंदिर परिसर में कतकारियों ने मां तुलसी का पूजन किया। इसके पश्चात पंडित कुंज बिहारी अवस्थी के निवास पर पहुंचकर कार्तिक व्रत रखने वाली कतकारियों ने तुलसी माता का पूजन किया और भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन होकर गीत गाए और नाच गाकर कृष्ण उपासना की। पंडित अवस्थी के यहां तुलसी पूजन का यह कार्यक्रम विगत 85 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। भगवान विष्णु को प्रिय पुरू सूत्र और लक्ष्मी सूत्र का पाठ वाचन में पंडित दिनेश पाठक, पुरुषोत्तम शुक्ला, जागेश मिश्रा, कुंज बिहारी तिवारी, दर्शन मिश्रा, रामगोपाल गोस्वामी, शुभम गोस्वामी, गणेश गिरी, पुरुषोत्तम शुक्ला, राधे पाठक, विक्की पांडे, आदि ने किया। इस संबंध में पंडितों ने बताया कि कार्तिक मास का यह कठिन व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी से शुरू होकर अगहन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को पूर्ण होता है इसमें व्रत रखने वाली कतकारियां एक माह तक एक प्रकार का अन्न ग्रहण कर व्रत रखती हैं। तुलसी माता पूजन के इस कार्यक्रम में धर्मपुरा वार्ड पार्षद श्रीमती शरदकुमारी यशपाल ठाकुर, श्रीमती गीता अवस्थी, श्रीमती गंगा अवस्थी,श्रीमती कुसुम, किरण दुबे, वर्षा मिश्रा, राखी, आशा, प्रीति, रेखा अवस्थी, इंदिरा, गायत्री, जानकी, विद्या, कविता, वर्षा, साक्षी, सुनीता, मालती, मीरा, प्रभा, कौशल्या, राधा, कमलाबाई, वर्षा, रेखा, रज्जो, कुन्ता, रेखा, सौम्या, आदि की उपस्थिति रही।

# मालिश से पाएं सुंदर काया



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह संतुलित आहार व योगासन आवश्यक है, उसी तरह मालिश भी शरीर को स्वस्थ रखने में काफी योगदान रखती है। मालिश से शरीर पुष्ट तो होता ही है, मांसपेशियों को भी नवजीवन मिलता है। यही कारण है कि जन्म के बाद से ही शिशुओं की व प्रसव के बाद कुछ दिनों तक स्त्रियों की मालिश की जाती है। मालिश के द्वारा शरीर को सीधे ही खुराक पहुंचती है। कमजोर व्यक्ति के लिए तो मालिश रामबाण दवा है, वहीं मोटापे से ग्रसित व्यक्ति भी यदि हर रोज मालिश करवाए तो उसकी चर्बी घटने लगती है।

मालिश के लाभ

1. मालिश से रक्त संचार ठीक से होता है, जिससे शरीर के विकार बाहर निकल जाते है।

2. मालिश से त्वचा हृष्ट-पुष्ट तो होती है, मांसपेशियों की टोनिंग भी हो जाती है।

3. मालिश शरीर के जोड़ों को लचीला बनाती है व विभिन्न अंगों की क्रियाओं में सुधार लाती है।

4. मालिश से पाचन संस्थान के अंगों जैसे यकृत, अमाशय व छोटी आंत आदि को उत्तेजना मिलती है, जिससे ये अंग अपना काम सुचारु रूप से कर पाते है।

5. मालिश से नाड़ी संस्थान को उत्तेजना मिलती है, जिससे शरीर की अन्य क्रियाओं का संचालन भी भली-भांति होता है।

6. मालिश से शरीर के विकार निकालने वाले अंगों जैसे फेफड़े, बड़ी आंत, गुर्दे, त्वचा आदि को भी बल मिलता है। इससे विकार शरीर में संचित नहीं होने पाते और तेजी से बाहर निकलते है।

7. शरीर के अनेकों रोगों जैसे गठिया, बच्चों का लकवा, मांसपेशियों से संबंधित रोग, स्नायु रोग, तपेदिक, सिर दर्द, मोच आदि में मालिश से बहुत लाभ होता है, बशर्ते कि ये मालिश किसी जानकर व्यक्ति से करवाई जाए।

8. मालिश चर्बी को गलाने में भी सहायक होती है।

9. मालिश से त्वचा के रोमकूप विकसित होते है।

10. मालिश से मांसपेशियां सुगठित व सुदृढ़ हो जाती है, जिससे शरीर में लचीलापन व चुस्ती-फुर्ती बढ़ जाती है।

11. कई बार पुराने रोगों को ठीक करने में मालिश का सहारा लिया जाता है। मालिश शरीर के तनाव को दूर रिलैक्स करती है।

12. मालिश से शारीरिक गठन में मजबूती आती है और शरीर का विकास अच्छी तरह होता है।

13. अधिक कमजोर व्यक्ति या जो व्यायाम नहीं कर सकते, उन्हे मालिश के द्वारा स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा सकता है। क्योंकि जिस तरह व्यायाम के द्वारा रक्तसंचार तेज होकर विकार दूर हो जाते है, उसी तरह मालिश भी यही लाभ पहुंचाती है।

मालिश के प्रकार

विविध रोगों व समस्याओं में अलग-अलग तरह की मालिश की जाती है। वह है -

1. तेल मालिश, 2. सूखी मालिश, 3. ठंडी मालिश, 4. पाउडर से मालिश 5. एरोमाथेरेपी मालिश।

1. कमजोर व दुबले-पतले व्यक्तियों के लिए तेल मालिश ही लाभदायक रहती है।

2. चर्बी गलाने या मोटापा घटाने में सूखी मालिश व ठंडी मालिश से अधिक लाभ होता है। जोड़ों के दर्द, पीठ दर्द, टांगों के दर्द, सायटिका व बच्चों के पोलियो आदि में गर्म मालिश लाभदायक है।

3. थकान दूर करने के लिए सूखी मालिश, पाउडर या तेल से मालिश करवानी चाहिए। किसी रोग विशेष में उस अंग की मालिश करने से बहुत लाभ होता है, जैसे ब्रोंकाइटिस में छाती और पीठ की, कब्ज में पेट की, सिरदर्द में सिर की और साइटिका में टांग की मालिश करने से रोगी को विशेष लाभ होता है। तनाव व डिप्रेशन को दूर करने अरोमाथेरेपी से मालिश की जाती है। इसमें विशेष प्रकार के तेलों के एसेंस का प्रयोग किया जाता है जो नस-नाड़ियों की निर्जीवता दूर करके मन- मस्तिष्क को शांति देते है।

जिनसे की जाती है मालिश

मालिश करने के लिए विविध प्रकार के तेलों का प्रयोग किया जाता है। दादी-नानी शुद्ध सरसों के तेल को मालिश के लिए उचित मानती है। यदि मालिश बच्चे की करनी है और उसे सर्दी हो गई है तो सरसों के तेल में थोड़ी सी अजवाइन या एक-दो कली लहसुन तड़का लें। इस गुनगुने तेल से मालिश करने से सर्दी का असर जाता रहता है।

आयुर्वेद में मौसम के अनुसार तेल का प्रयोग करने की बात की जाती है।

1. वैसे मालिश के लिए तिल का तेल, जैतून, नारियल, बादाम रोगन व सरसों के तेल का प्रयोग लाभकारी है। तेल का शुद्ध होना जरूरी है। दूसरा यह कि सदैव तेल को थोड़ा गर्म करके ही प्रयोग करे। ऐसा करने से तेल शरीर में अच्छी तरह जज्ब हो जाता है और उचित लाभ मिलता है।

2. एरोमा मसाज थेरेपी में चंदन, लैवेंडर, गुलाब या चमेली आदि के शुद्ध एसेंसियल ऑयल को मालिश करने वाले तेल के साथ मिलाने से तेल में खुशबू व्याप्त हो जाती है। एरोमा मसाज थेरेपी मन-मस्तिष्क को विशेष ताजगी देती है। तनाव को दूर करने के लिए इस तरह के तेल का प्रयोग लाभदायक है।

3. किसी रोग विशेष में मालिश से लाभ उठाने के लिए कुछ जड़ी-बूटियों को तेल के साथ उबाल कर हर्बल तेल तैयार किया जाता है। यह तेल उस रोग को दूर करने में सहायक सिद्ध होता है। चर्बी या सेल्युलाइट को दूर करने के लिए जैतून या तिल के तेल में नीम, अश्वगंधा, देवदारू और चंदन के एसेंशियल ऑयल को मिला कर प्रयोग किया जाता है। इस तेल की मालिश से शरीर से अवांछित व विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते है, जिससे शरीर हलका होने लगता है। इसी तरह अर्थराइटिस जैसे रोगों में भी विशेष जड़ी-बूटी वाले तेल से उस अंग विशेष की मालिश करने से विशेष लाभ होता है। कैसे करे मालिश मालिश के लिए तेल उपयुक्त होने पर भी यदि मालिश करने का तरीका गलत है तो बजाय फायदे के हानि होने की संभावना अधिक रहती है। यों तो प्रतिदिन हलकी-फुलकी मालिश स्वयं भी की जा सकती है, लेकिन फिर भी किसी जानकार से ही मालिश करवानी चाहिए।

छोटे बच्चों की मालिश तेल थपथपा कर एकदम धीरे हाथ से करनी चाहिए। यदि आप स्वयं अपनी मालिश कर रही है तो हलके हाथ से मांसपेशियों पर दबाव डालकर नीचे से ऊपर की ओर मालिश करे।

सिर की मालिश

इसे करने के लिए सिर के बीचोबीच तेल डालें। सिर के दोनों तरफ हलके हाथ से मसाज करते हुए दोनों कनपटी तक मालिश करे। मालिश उंगलियों के पोरों से हलके हाथ से करे। अपनी खोपड़ी को दोनों हाथों की उंगलियों से धीरे-धीरे मलें। ऐसा कम से कम 15 मिनट तक करे। तेल हलका गुनगुना ही प्रयोग करे। हाथ की कटोरी बना कर पूरे सिर को थपथपाएं। फिर सिर के पिछले भाग पर ऊपर से नीचे की ओर दबाव देते हुए मालिश करे।

गर्दन व चेहरे की मालिश

गर्दन पर तेल लगाएं और चारों ओर घुमा कर हलके हाथ से मालिश करे। गले पर हाथ की उंगलियों से नीचे-ऊपर थोड़ा दबाव देकर मसलें। चेहरे की मालिश किसी क्रीम से भी की जा सकती है। यदि तेल का प्रयोग कर रही है तो जैतून का तेल या तिल का तेल प्रयोग करे। तेल को हलके हाथों से चेहरे पर थपथपाएं और नीचे से ऊपर की ओर मालिश करे। अधिक दवाब न डालें, बहुत ही हलके हाथ से मालिश करे। आंखों के चारों ओर उंगलियों से नाक के ऊपरी भाग के कोने से आंख के आखिरी कोने तक हलके दबाव से करे। आंख के चारों ओर गोलाकार अंगुलियों को घुमाएं।

छाती की मालिश

तेल से पूरी छाती की दाएं-बाएं, नीचे-ऊपर हलके हाथ से मालिश करे। हाथों को बीच में रख कर बाहर की ओर मलें। दोनों हाथों की कटोरी-सी बना कर पूरी छाती पर हलके हाथ से थपथपाएं, इससे हृदय व फेफड़ों को बहुत लाभ मिलता है।

पेट की मालिश

दोनों हाथों पर तेल लगाकर पेट पर दाएं-बाएं गोलाकार मलें, फिर हाथ की उंगलियों से मांस को पकड़ कर ऊपर-नीचे मलें।

बाजू की मालिश

बाजू पर तेल लगाकर, दूसरे हाथ से गोलाकार घुमाते हुए ऊपर की ओर हाथ ले जाएं। ऐसा कई बार करे। हाथ पर भी तेल लगाकर मलें। दूसरे हाथ से जैसे दस्ताना उतारते है, उसी तरह 8-10 बार मलें।

पैरों की मालिश

टांगों पर तेल लगाएं, हाथ की गोलाकार घुमाते हुए पिंडलियों पर दबाव डालते हुए ऊपर की ओर लाएं। दोनों हाथों की हथेलियों से पेशियों को दाएं-बाएं मसलें। पूरी टांग को हाथ से थपथपाएं। पंजों पर भी तेल लगाएं। प्रत्येक उंगली को हलके हाथ से मलें व सामने की ओर खींचें। पंजों के तलवे पर भी तेल जरूर लगाएं।

पीठ की मालिश

पीठ की मालिश स्वयं नहीं की जा सकती, फिर भी पीठ पर जहां तक हाथ जाए, दबाव डाल कर मालिश करे। स्नान करने से पहले पूरे शरीर पर यदि 5-10 मिनट के लिए अपने हाथों से मालिश करे तो रक्तसंचार तो तेज होता ही है, शरीर में नमी भी बनी रहती है। हां, ये मालिश बिना तेल के भी की जा सकती है। हाथों के घर्षण से शरीर में गर्मी आ जाती है।

क्या सावधानी बरतें

लाभप्रद होने पर भी मालिश करते समय कुछ सावधानी का ध्यान रखना जरूरी है।

1. यदि शरीर में कहीं चोट लगी हो तो मालिश न करे।

2. एकदम खुले स्थान पर भी मालिश करना ठीक नहीं है।

3. मालिश करते समय शरीर के हड्डियों वाले भागों पर जोर से दबाव न डालें।

4. रीढ़ की हड्डी पर सीधे मालिश न करे। इसके दाएं-बाएं ही मालिश करे। गर्भवती स्त्री पेट पर मालिश न करे।
5.मालिश करते समय या तो ढीले-ढीले वस्त्र पहनें या जितनी जरूरत हो उतने ही वस्त्र पहनें।

6. अपने नाखूनों को काट लें, ताकि वे शरीर में चुभ कर नुकसान न पहुंचाएं।

7. बच्चों, वृद्धों व कमजोर व्यक्तियों की मालिश सदैव हलके हाथ से ही करनी चाहिए।

8. मालिश करने के तुरंत बाद ही स्नान न करे, कम से कम 1/2 घंटा रुकें, ताकि तेल पूरे शरीर में जज्ब हो जाए।

9. मालिश करने के लिए तेल थोड़ा गर्म कर लें, तो फायदा अधिक पहुंचता है। 10. मालिश करते समय दोनों हाथों पर पर्याप्त तेल लगाएं, ताकि हाथ पूरी गति से चलें।

11. मालिश करते या करवाते समय हलका संगीत सुनें और मालिश को एंजॉय करे।

किसी बीमारी विशेष में किसी विशेषज्ञ से ही मालिश करवाएं तो अधिक लाभ मिलता है।

यह सब जानने के बाद स्वस्थ व फिट रहने के लिए, रिलैक्स करने के लिए मालिश पद्धति को अवश्य अपनाएं।

# घरेलू तरीके से निखारें चेहरे की खूबसूरती

रूखे-झड़ते बाल और त्वचा में निखार के लिए लोग तरह-तरह के उत्पाद प्रयोग में लाते हैं। इनमें मौजूद रसायन आप पर नकारात्मक असर भी डालते हैं। लेकिन मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग कर त्वचा में निखार और बालों को घना रखा जा सकता है।

कैसे करें बाल काले-घने

रूखे बालों को काले-घने करने के लिए एक कप में दो चम्मच नींबू-रस और दो चम्मच शहद एक चौथाई दही में मिलाकर बालों पर लगाएँ। इससे बाल मुलायम होंगे।

कैसे दूर करें फोड़ें-फुंसियाँ

फोड़े-फुंसियाँ निकल आने पर मुल्तानी मिट्टी में कपूर लगाकर मिलाएँ। इससे फोड़े-फुंसियाँ से आपको आज़ादी मिल जाएगी।



सावधान

सूखी और संवेदनशील त्वचा पर सप्ताह में केवल एक बार मुल्तानी मिट्टी लगाएँ।

मुहाँसे का भी है विकल्प

मुहाँसे होने पर इस मिट्टी में सूखी नीम की पत्तियाँ मिलाकर लगाएँ।

अगर हो त्वचा तैलीय

कई लोगों की त्वचा तैलीय होती है। ऐसे में दही में पुदीने की पत्तियों को मिलाएँ और मुल्तानी मिट्टी के साथ त्वचा पर लगाएँ। इससे आपकी त्वचा पर तेल का प्रभाव कम हो जाएगा।

सनबर्न होने पर

अगर कभी सूरज की गर्मी से त्वचा झुलस जाए तो मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल या टमाटर के रस में मिलाकर लगाएँ।

आसानी से उपलब्ध हो जाने वाली मुल्तानी मिट्टी चेहरे और बालों की समस्या दूर करने का प्राकृतिक और सस्ता साधन है।

# हिट है एयरब्रश मेकअप



पानी, पसीने से न धुलने और नेचुरल ब्यूटी बरकरार रखने वाले एयरब्रश मेकअप का ट्रेड इन दिनों जोरों पर है..

इन दिनों चेहरे की ब्यूटी को मेकअप द्वारा आठ से दस घंटे तक बरकरार रखने का नया कांसेप्ट 'एयरब्रश मेकअप' काफी हिट है। इसे आजमाकर आप मेकअप को पानी की बौछारों, रूमाल की रगड़ और पसीने से खराब होने से बचा सकती है।

## नैचुरलटी रहेगी बरकरार

परफेक्ट प्वाइंट की ब्यूटी एक्सपर्ट डॉ. वंदना माथुर बताती है, कितनी भी होशियारी के साथ चेहरे का मेकअप किया जाए, लेकिन क्रीम और रंगों की समानता नहीं आ पाती। एयरब्रश मशीन में रंगों को भरकर एयरगन से किया जाता है। यह कई घंटों तक स्थाई बना रहता है और चेहरे की नैचुरलटी बरकरार रहती है।

## वॉटरप्रूफ रंगों का इस्तेमाल

एयरब्रश मेकअप में वॉटरप्रूफ और वॉटर बेस्ड रंगों का इस्तेमाल होता है। इससे चेहरे के रोम छिद्र नहीं बंद होते और शाइनिंग बनी रहती है। यह मेकअप इतना परफेक्ट होता है कि कैमरा भी नहीं पकड़ पाता और आप दिखती भी भीड़ में सबसे अलग है।

## थीम चयन का विकल्प

वंदना बताती है, एयरब्रश तकनीक मेकअप का नया विकल्प है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप इससे थीम बेस्ड मेकअप नहीं करवा सकतीं। इसे आजमाने में अधिक बजट की भी जरूरत नहीं है, जैसी आपकी थीम होगी वैसा ही खर्च आएगा।

# सर्दी की नजर न लगे...

सर्दी के मौसम में थोड़ी सी सावधानी बरतकर आप अपनी त्वचा में निखार ला सकती हैं और इस मौसम का लुत्फ उठा सकती हैं



यह तो आपने भी महसूस किया होगा कि जाड़े के मौसम में गुनगुनी धूप का आनंद लेना बहुत सुहाना होता है। सेहत की दृष्टि से भी यह अच्छा होता है, लेकिन यह मौसम त्वचा में रूखापन भी लाता है। अगर आप त्वचा की थोड़ी सी देखभाल कर लें तो यह मौसम आपके लिए आनंददायक हो सकता है।

- आजकल के मौसम में गुनगुने पानी से स्नान करना लाभदायक होता है। यह त्वचा की सफाई करता है और हमारे रोमछिद्रों को खोल देता है। बस यह ध्यान रखें कि पानी बहुत ज्यादा गर्म न हो वर्ना यह त्वचा की कुदरती नमी को समाप्त कर देगा। यदि संभव हो तो स्नान करने से पहले नारियल या बादाम या किसी अन्य तेल से शरीर की मालिश करें। इससे त्वचा में निखार आएगा।

-स्नान करने के बाद त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए बॉडी आयल, लोशन या कोई मॉइश्चराइजिंग क्रीम अवश्य लगाएं। इससे त्वचा की नमी बरकार रहेगी।

-आजकल के मौसम में मुल्तानी मिट्टी या ऐसे फेस पैक जो स्किन को ड्राई बनाते हैं, न लगाएं। इसके बदले क्लेंजिंग मिल्क या ऐसे पैक लगाएं जिनमें ऑयल मौजूद हो।

-चेहरे की सफाई के लिए साबुन का प्रयोग करने की बजाय बेसन और दही का प्रयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा मुलायम रहेगी।

-त्वचा में निखार लाने के लिए पपीते का प्रयोग कर सकती हैं। कारण, पपीते में ऐसे एंजाइम पाए जाते हैं, जो त्वचा की ऊपरी परत को साफ करने और मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद करते हैं।

-रूखी त्वचा की सफाई के लिए थोड़े से तेल में चने का आटा और गेहूं का चोकर मिलाकर लगाना सबसे अच्छा होता है। यदि आपका काम साबुन के बिना नहीं चल सकता तो किसी सॉफ्ट साबुन का प्रयोग करें, जिसमें ऑलिव, जोजोबा या एलोवेरा के तत्व मौजूद हों।

-एलोवेरा में कई लाभदायक तत्व पाए जाते हैं। एलोवेरा के पत्ते का एक छोटा टुकड़ा लेकर उसे हाथ से मसलकर रस निकाल लें। फिर उस रस को चेहरे पर लगाएं। सूखने पर धो लें।

-आजकल के मौसम में नाखूनों के आसपास भी मॉइश्चराइजर लगाएं, क्योंकि वे सूखे हो जाते हैं। अगर घर के कामों या अन्य वजह से आपको लंबे समय तक पानी के संपर्क में रहने की आवश्यकता होती है तो रबड़ के दस्तानों का इस्तेमाल करें।

-जाड़े के दिनों में होंठों का फटना और सूखना आम बात है। इनको कोमल रखने के लिए मलाई, देशी घी या मॉइश्चराइजिंग लिपबाम का इस्तेमाल करें।

## भगवत साहित्य परिवार की काव्य गोष्ठी हुई आयोजित

# कवि अशोक शर्मा मस्त राज के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। दीनदयाल नगर स्थित कवि अशोक मस्तराज के निवास पर गत दिवस ÷भगवत साहित्य परिवार÷ की मासिक काव्य गोष्ठी कवि अशोक शर्मा मस्तराज के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता ÷ भगवत साहित्य परिवार÷ के अध्यक्ष कवि अनंगपाल सिंह ÷अनंग÷ ने की, इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंबई से पधारे डॉक्टर प्रमोद पल्लवित तथा विशिष्ट अतिथि गीतकार डॉक्टर किंकर पाल सिंह जादौन मंचासीन रहे। सर्वप्रथम अतिथियों एवं समस्त कवियों द्वारा माँ वीणा वादिनि की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। माँ सरस्वती की वंदना आरती अक्षत द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् अतिथियों एवं कवियों का स्वागत गौरव शर्मा द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों एवं कवियों द्वारा कविराज अशोक मस्तराज का जन्मदिन के शुभ अवसर पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तथा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कवि दीपेंद्र सिंह तोमर ने कार्यक्रम का शानदार आगाज कर निम्न पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं -

÷मुर्दा तन ढकने को चंदा लेने आया है। दूजे मुर्दे के घर सारी खबरें बिकने आई है।।÷




इसके बाद कवि रमेश शर्मा, डॉक्टर रमेश त्रिपाठी मछंड, श्री अशोक मस्तराज ने काव्य पाठ किया। आरती अक्षत ने निम्न पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं - बात इतनी बढ़ी फिर घटी ही नहीं। धुंध इतनी घनी थी छटी ही नहीं।।

आदित्य अंशुधर ने निम्न पंक्तियाँ - मुश्किलें हर रोज आएंगी तुमको डराने अहर्निश। किंतु उनको देखकर किंचित न तुम भयभीत होना।। प्रस्तुत कीं। सीता चौहान द्वारा निम्न पंक्तियाँ - सहज कविता लिख देना यूं हंसी ठिठोली की बात नहीं, इक ˘ मूरत गढना होती है चोट हृदय पर सह सह कर।। प्रस्तुत की, इसके बाद कवि प्रतिपाल सिंह राजावत जी ने ÷ तेरी दुनिया को अपना संसार समझता हूँ। और भला कैसे समझाऊं प्यार समझता हूँ।। पंक्तियाँ प्रस्तुत कर कार्य क्रम को नई ऊँचाई प्रदान की, इसके बाद कवि राम लखन शर्मा अंकित ने - विधि ने सारे दुख लिख डाले जनक सुता के नाम।
राम भी रह न सके सुखधाम।
राम भी रह न सके सुखधाम।। गीत प्रस्तुत किया, इसके बाद विनोद मिश्रा, राम राजेश दीक्षित ने भी काव्य पाठ किया, डॉक्टर किंकर पाल सिंह जादौन ने गीत प्रस्तुत किया पंक्तियाँ देखें - इतनी दूर यहाँ पर मेरे मन प्राणों के दीप जल उठे।लगता है प्रिय दीपावलि के तुमने दीप जलाए होंगे।।डॉक्टर प्रमोद पल्लवित ने काव्य पाठ कियाड़।अनंगपाल सिंह अनंग ने इच्छा है मैं आज मनाऊँ दीवाली अपने अंदर की। धोकर साफ सफाई कर लूँ पहले मैं अपने घर की।। काव्य पाठ कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा, श्रोताओं के रूप में शत्रुघ्न शर्मा, रमेश पांडे, पंकज द्विवेदी, गिरिराज शर्मा, अमर सिंह पवैया और सुनील कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम लखन शर्मा अंकित ने तथा आभार विनोद मिश्रा ने व्यक्त किया। स्वल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अजगर और गडढा गिरफ्तार



ललितपुर। समाज में भय व आतंक का पर्याय बनकर आर्थिक अपराधों को अंजाम देते हुये धन सम्पत्ति अर्जित करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाशों को गिरफ्तार करने की जानकारी देते हुये कोतवाली पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गयी है। पकड़े गये गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के नाम सुधासागर स्कूल के पास तालाबपुरा निवासी आशीष साहू उर्फ अजगर पुत्र धनीराम व मोहल्ला लक्ष्मीपुरा वंशा कुआ के पास रहने वाले वीरेन्द्र जैन उर्फ गड्ढा पुत्र शिखरचंद्र जैन बताये गये हैं। पुलिस ने दोनों शातिर अभियुक्तों को बंधा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आशीष साहू उर्फ अजगर के खिलाफ कोतवाली में चार और वीरेन्द्र जैन उर्फ गड्ढा के खिलाफ कोतवाली सदर में ही तीन मामले दर्ज हैं। शातिर गैंगस्टरों को पकडने् वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रोहित सिंह, हे.कां.शिवनाथ सिंह व कां.रोहित सिंह शामिल रहे।

## दो निरीक्षक व अठारह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले एसपी के आदेश पर आधी रात के बाद जारी हुयी सूची

ललितपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रविवार देर रात बड़े पैमाने पर फेरबदल किया। इस बदलाव में 2 निरीक्षकों और 18 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में तब्दीली की गई है, साथ ही चार पुलिस चौकी इंचार्ज भी बदले गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस फैसले से पुलिस महकमे में हड?प मच गया है। रविवार रात 1 बजे पुलिस विभाग की सोशल मीडिया पर जारी स्थानांतरण सूची के मुताबिक थाना बानपुर में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह को निरीक्षक अपराध थाना बानपुर बनाया गया है, जबकि निरीक्षक महेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली में अपराध निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस सूची में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह परिहार को थाना पाली से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कोतवाली और उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह को थाना कोतवाली में बरकरार रखते हुए वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कई उप निरीक्षकों को विभिन्न थाना और चौकियों में नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। चौकी प्रभारी के तौर पर भी बदलाव किए गए हैं। उपनिरीक्षक संजय कुमार दुबे को चौकी प्रभारी राजघाट, दीपक कुमार डांगुर को थाना कोतवाली, और मनीष कुमार शुक्ला को चौकी प्रभारी तेरई फाटक बनाया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक महाराज सिंह को चौकी प्रभारी कैलगुवां थाना बानपुर और जय सिंह को थाना नाराहट भेजा गया है। इस व्यापक स्थानांतरण सूची में उप निरीक्षकों को विभिन्न थाना क्षेत्रों में भेजा गया है, जिससे कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक के इस कदम को जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए अहम माना जा रहा है।

## बक्सा से नकदी व जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी संजय सिंह पुत्र स्व.चन्दन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 नवम्बर की रात करीब 1.30 बजे उसके घर की छत की ऊपर अटारी में उसकी मां चारपाई डालकर लेटी हुयी थी और दरबाजा खुला हुआ था। तभी रात में अज्ञात चोर ने घर में घुसकर चारपाई के बगल में दीवाल में बनी कच्ची अलमारी में एक बक्सा रखा हुआ था, जिसे उठाकर उसमें रखे हुये 20 हजार रुपये नकद, 2 चांदी की करदौनी, सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने की चूडियां, छोटी-बड़ी पायलें, बिछिया, कान के सोने के फूल, दाने वाली सोने की माला इत्यादि को चोरी कर लिया है। बताया कि आवाज सुनकर उसकी मां जाग गयी तो उसकी मां को धक्का लेकर उक्त चोर भाग गया। पीछा करने पर चोर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## दबंगों ने एकराय होकर मोहल्लेवासियों पर किया हथियारों से प्रहार

ललितपुर। नयाकुआ चौबयाना मोहल्ला में रहने वाले सोनू कुशवाहा पुत्र घन्सू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित सोनू कुशवाहा ने बताया कि बीती 31 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे किराना की दुकान पर मोहल्ले के संदीप राजा पुत्र सुरेन्द्र राजा, कमलेश चौबे पुत्र स्व.संतोष चौबे, रानू नामदेव अपने आठ-दस अज्ञात व्यक्तियों के साथ एकराय होकर आये और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे और पटाखों को जलाकर वृद्ध व्यक्ति के ऊपर फेंक दिया, जिसका मोहल्लेवासियों द्वारा विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये सरकार उनकी होने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने सभी से दस हजार रुपये की मांग करने लगे और न देने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डे, लोहे की रॉड, तलवार व अन्य हथियारों से लैस होकर मोहल्लेवासियों पर हमला कर दिया, जिसका वीडियो की पीड़ित के पास सुरक्षित है। बताया कि उक्त लोग आपराधिक किस्म के लोग हैं, जिससे मोहल्लेवासियों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 190, 352, 115 (2), 308 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की जोरदार टक्कर से महिला की मौत

## देवर की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम हर्षपुर निवासी महेन्द्र सिंह उर्फ गोलू राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 1 नवम्बर को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एफ. 2522 सुपर स्पेलैण्डर पर सवार होकर घर से तालबेहट आ रहा था। बताया कि वह जैसे ही बम्हौरीसर कट हाईवे 44 पर पहुंचा, तो पीछे से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 4311 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और बाइक पर पीछे बैठी उसकी भाभी द्रोपती पत्नी आजाद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। बताया कि घायल भाभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि अगले दिन 2 नवम्बर को रात करीब 8 बजे उपचार के दौरान द्रोपती की मौत हो गयी। बताया कि इस घटना में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हुयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश का श्रेष्ठ प्रदर्शन, पिछले तीन वर्षों से मध्यप्रदेश लगातार प्रथम स्थान पर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि नगरीय क्षेत्र में जरूरतमंद पथ-विक्रेताओं को उनकी जरूरत के मुताबिक ऋृण प्रदान करते हुए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाये। प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पिछले तीन वर्षों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश लगातार पहले स्थान पर है। इस योजना में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में हाथठेला चालकों, रेहड़ी पटरी वालों को 10, 20 और 50 हजार रूपये तक का ऋृण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पिछले तीन वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देशभर में पहले स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करता आया है। पीएम स्वनिधि योजना में अब तक 12 लाख 30 हजार हितग्राहियों को करीब 1769.16 करोड़ रूपये का ऋृण उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 4 लाख 89 हजार पथविक्रेता सफलतापूर्वक डिजिटल लेन-देन कर रहे है। जिसमें उन्हें 21 करोड़ रूपये का कैशबेक भी प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में डिजिटल लेन-देन को बड़ावा देने के लिये चयनित क्षेत्रों में हितग्राहियों को प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। प्रदेश में कोरोना काल के दौरान पूर्व में असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत पथ-विक्रेताओं को प्रदेश सरकार की ओर से एक-एक हजार रुपये की अनुदान राशि भी उपलब्ध कराई गई थी। पथ-विक्रेताओं को निकायों द्वारा बैंकों के लिये निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रदेश के 16 लाख 17 हजार से अधिक पथ-विक्रेताओ कों प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, भवन और अन्य निर्माण श्रमिक अधिनियम, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी के साथ जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से भी हितग्राहियों को जोड़ा गया है।

## रास्ते में रोककर जानलेवा हमला करने का आरोप

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम मसौराखुर्द में रहने वाले अनिल पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 3 नवम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पिता देशराज पटेल अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 डब्लु 4114 पर सवार होकर अपने खेत से वापस घर आ रहे थे। बताया कि रास्ते में लालचंद्र पटेल के मकान के सामने नाले के पास गांव के राजेन्द्र पुत्र भगवानदास, संदीप, रंजीत पुत्रगण राजेन्द्र व सुनीता पत्नी राजेन्द्र ने देशराज का रास्ता रोक लिया और गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व लोहे की रॉड से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने मोटर साइकिल के साथ भी तोडड़ोड़ कर दी। इस हमले में देशराज पटेल को काफी चोटें आयीं हैं। घायलावस्था में देशराज पटेल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने अनिल की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## महर्षि विश्वामित्र जयंती - सकल ब्राह्मण महासमिति ने डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया



### 6 को सकल ब्राह्मण महासमिति का अन्नकूट एवं विद्वानों का सम्मान,

ग्वालियर । सकल ब्राह्मण महासमिति, ग्वालियर ने आज महर्षि विश्वामित्र जयंती पर मां संतोषी भवन ,लक्ष्मीबाई कॉलोनी में ब्राह्मण बालक बालिकाओं के निशुल्क अध्ययन के लिए श्री प्रभु शांति लाइब्रेरी निशुल्क का उद्घाटन समारोह महामंडलेश्वर दंदरौआ सरकार श्री रामदास जी महाराज एवं पूर्व मंत्री पूर्व सांसद अनूप मिश्रा के संदेश वाचन के बाद ब्राह्मण समाज के प्रमुख समाजसेवियों के द्वारा पंडित गिरिराज गुरुजी द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान परशुराम एवं महर्षि विश्वामित्र जी के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूरे मध्य प्रदेश में ब्राह्मणों के लिए पहली डिजिटल लाइब्रेरी निशुल्क सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण मंडल के अध्यक्ष शशीकांत दिक्षित, मुरार ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राम पाठक, पूर्व अध्यक्ष नरेश कटारे,भार्गव ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा ,आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा, गिरिराज गुरु जी, जिझोतिया बुंदेलखंड ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरिमोहन पुरोहित, प्रदेश संयोजक रामनारायण मिश्र, ब्रह्म भट्ट ब्राह्मण समाज की महामंत्री डॉक्टर मुन्ना लाल शर्मा,युवा पूर्व अध्यक्ष हेमंत एडिशन शर्मा नितिन मिश्रा, सकल ब्राह्मण महा समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा कार्यक्रम के मुख्य संयोजक ओपी पाठक ,योगेश मिश्रा, प्रकाश वीर शर्मा, अशोक शर्मा, सकल बाबा महासमिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज मुरार ब्राह्मण महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती कांता शर्मा संध्या तिवारी अल्का मिश्रा रेनू शर्मा अंजू दीक्षित शशि व्यास रश्मि शर्मा माया शर्मा रूबी शर्मा मंजू मिश्रा किरण मिश्रा दादा शर्मा माया शर्मा नीतू शर्मा मंजू मिश्रा संध्या शर्मा माया शर्मा राधा शर्मा सहित अनेकों ने दी पायलट कर भगवान परशुराम के साथ महर्षि विश्वामित्र जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। संस्थापक डॉ.जयवीर भारद्वाज ने प्रभु शांति डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें एक साथ 71 केविन बनाए गए हैं डिजिटल का वाई-फाई के साथ कनेक्शन लाइट कनेक्शन भी दिए गए हैं। व्यवस्था प्रभारी श्रीमती रेनू अशोक शर्मा जी को बनाया गया है। मुख्य वक्ता पंडित गिरिराज गुरु जी ने महर्षि विश्वामित्र जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जीवन में। तनाव मुक्त होने के लिए अपने आराध्यों का सहारा लेना आवश्यक हो गया है उनके जीवन गाथा को पढ़कर नेगेटिव सोच को छोड़कर पॉजिटिव सोचने लगता है। महर्षि विश्वामित्र जी प्रेरणास्रोत हैं उनके संदेश जन-जन को आत्मसात करने चाहिए। सकल ब्राह्मण महा समिति का 6 नवंबर को साइन का 4ञ्30 बजे से 6ञ्30 तक दीपावली मिलन अनुकूल अनुकूल एवं विद्वान सम्मान समारोह प्रधान कार्यालय एजेंसी नाले पर फुटबॉल पर आयोजित किया गया है मैं जिसमें सनाढ्य, भार्गव, आदि गौड़, कान्यकुब्ज,जिझोतिया, ब्रह्मभट्ट,पंजाबी ब्राह्मण, महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण,ऋषीशवर, गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सहित सभी मातृशक्ति युवाओं को निशुल्क अन्नकूट सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर द्वारा होगा।



स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478